राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्ष- 11, अंक- 100 पृष्ठ - 08, नई दिल्ली, शुक्रवार ,15 अक्टूबर 2021, मूल्य रु. 1.50

## एक नजर


### काशी में कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजी शिव नगरी

वाराणसी (एजेंसी)। शिव नगरी काशी में शक्ति की पूजा का पर्व नवरात्रि का समापन गुरुवार को कन्या पूजन के साथ हो गया. शिवाला स्थित प्रसिद्ध बाबा कीनाराम आश्रम के क्रींकुण्ड में शारदीय नवरात्र कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ। अघोरपीठ अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के पीठाधीश्वर, सर्वेश्वरी समूह एवं अघोर सेवा मंडल के अध्यक्ष बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के दिशा-निर्देश में कीनाराम आश्रम में कन्याओं और भैरव का पूजन कोरोना गाइडलाइंस को फॉलो करते हुए किया गया. इस दौरान भक्तों में पूरा उत्साह देखा गया. इसके पूर्व दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे गए. उनका विधि विधान से पूजन किया गया. उन्हें चुनरी ओढ़ाकर उनकी आरती उतारी गई. इसके बाद उन्हें भोजन खिलाकर दक्षिणा भी दिया गया।

### राहुल ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर निशाना साधा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि एक दिन जनता दुखी होकर इस 'कुशासन' का खत्मा करेगी। उन्होंने 'जीडीपी' (गैस, डीजल और पेट्रोल) की कीमतों में बढ़ोतरी को दर्शाने वाला एक ग्राफ भी ट्विटर पर साझा किया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''पुरानी लोककथाओं में ऐसे लालची कुशासन की कहानी होती थी जो अंधाधुंध कर वसूली करता था। पहले जनता दुखी हो जाती लेकिन अंत में जनता ही उस कुशासन को खत्म करती थी। असलियत में भी ऐसा ही होगा।'' गौरतलब है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बृहस्पतिवार को एक बार फिर 35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई, जिससे देश भर के पंपों पर इनकी खुदरा कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

# महिला अधिकारी जल्द ही भारतीय सेना की इकाइयों की कमान संभालेंगी : राजनाथ सिंह




**राजनाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं को आज तक जो भी कर्तव्य सौंपे गए हैं उन्होंने उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा कि महिलाओं ने कई तरह की बाधाओं को तोड़ा है और आने वर्षों में वे हर मुश्किल चुनौती को जोरदार तरीके से जवाब देंगी**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि बहुत जल्द ही महिला अधिकारी सेना की इकाइयों और बटालियन की कमान संभालती दिखेंगी. पिछले साल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सेना द्वारा महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देना शुरू किया गया था. रक्षा मंत्री ने कहा कि सेना का यह कदम महिला अधिकारियों के करियर के प्रगति का हिस्सा है.

सेना में महिला अधिकारियों की इस भूमिका पर रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी शंघाई सहयोग संगठन वेबिनार में संबोधन के दौरान आयी. राजनाथ सिंह ने कहा कि पुलिस, केंद्रीय पुलिस, अर्धसैनिक और सशस्त्र बलों में महिलाओं को शामिल करने के लिए हमारा दृष्टिकोण प्रगतिशील रहा है. हमने सेना के हर पहलू में विकासवादी मार्ग अपनाया है.

एनडीए में शामिल होंगी महिलाएं

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद सशस्त्र बल महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में शामिल करने की तैयारी कर रहे हैं. रक्षा मंत्री ने कहा कि महिलाएं अगले साल से भारत के प्रमुख त्रि-सेवा पूर्व-कमीशन प्रशिक्षण संस्थान एनडीए में शामिल हो सकेंगी.

महिलाओं के लिए 2015 में आया ऐतिहासिक मोड़

उन्होंने कहा कि सेना में महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण मोड़ 2015 में आया जब उन्हें सेना की लड़ाकू यूनिट में शामिल करने का फैसला लिया गया. उन्होंने बताया कि इस साल की शुरुआत में लगभग 25 साल बाद चार महिला अधिकारियों को युद्धपोतों पर तैनात किया गया था, लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां महिलाओं के लिए नो गो जोन बना हुआ है.

रक्षा मंत्री ने कहा कि महिलाओं को सेना में शामिल करने की प्रक्रिया व्यापक और प्रगतिशील पथ पर है और इसके लिए समाज और सशस्त्र बलों को भी तैयार रहना होगा. सफल बदलाव एक महत्वपूर्ण पहलू है. उन्होंने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपने आप को साबित किया है. उन्हें आज तक जो भी कर्तव्य सौंपे गए हैं उन्होंने उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा कि महिलाओं ने कई तरह की बाधाओं को तोड़ा है और आने वर्षों में वे हर मुश्किल चुनौती को जोरदार तरीके से जवाब देंगी. उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में महिलाओं की संख्या में पिछले छह वर्षों में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है.

## हरियाणा के हर ब्लॉक के उत्पाद को मिलेगी अलग पहचान,'वन ब्लॉक वन प्रोडक्ट' स्कीम जल्द होगी शुरू - डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

चंडीगढ़। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया है कि हरियाणा सरकार पूरे प्रदेश में एक-समान औद्योगीकरण करने की दिशा में नीति बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य के 140 ब्लॉक में 140 प्रोडक्ट को देश-विदेश में निर्यात करने के लिए कदम आगे बढ़ा रही है और इसके लिए 'पदमा' पहल शुरू की है, इसके तहत 'वन ब्लॉक वन प्रोडक्ट' को प्रोत्साहित किया जाएगा। वीरवार को डिप्टी सीएम ने 'पदमा' पहल को लेकर उद्योग एवं वाणिज्य, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, एमएसएमई, विकास एवं पंचायत विभाग समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

उपमुख्यमंत्री, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य तथा विकास एवं पंचायत विभाग का प्रभार भी है, ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 'पदमा' पहल कार्यक्रम को अंतिम रूप देने से पहले अन्य राज्यों की ग्रामीण उद्योग को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों का अध्ययन करें ताकि हरियाणा सरकार द्वारा बनाई जाने वाली पॉलिसी सर्वोत्कृष्ट बन सके। उन्होंने कहा कि राज्य के कई गांवों में हूनरमंद लोगों द्वारा ऐसे गुणवत्तापरक प्रोडक्ट तैयार किए जाते हैं जिनकी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी कीमत मिल सकती है लेकिन जानकारी के अभाव में उनको मजबूरी में लोकल लेवल पर कम दामों पर बेचना पड़ता है।

दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक ब्लॉक में उस ब्लॉक के लोगों द्वारा उत्पादित बेहतरीन प्रोडक्ट के लिए एक कलस्टर बनाया जाए, जहां पर एमएसएमई की भांति लोगों को उद्योग लगाने के लिए प्लॉट उपलब्ध करवाए जा सके।

## पंजाब कांग्रेसः हरीश रावत से मिले सिद्धू, कहा- पार्टी पर पूरा भरोसा, जो फैसला लिया जाएगा मंजूर होगा

नई दिल्ली । पंजाब में चल रही सियासी उथल-पुथल के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू, पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत से मिलने दिल्ली पहुंचे। बैठक के बाद सिद्धू ने कहा कि मैंने पंजाब और पंजाब कांग्रेस से संबंधित मेरी चिंताओं से पार्टी हाईकमान को अवगत करा दिया है।

सिद्धू ने आगे कहा कि मुझे कांग्रेस में, प्रियंका गांधी में और राहुल गांधी में पूरा विश्वास है। वह जो भी निर्णय लेंगे, वह कांग्रेस और पंजाब की बेहतरी के लिए ही होगा। मैं उनके निर्देशों का पालन करूंगा। प्रदेश में



नवगठित चरणजीत सिंह चन्नी सरकार के कुछ फैसलों से खफा सिद्धू ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।

वहीं, हरीश रावत ने इस मुलाकात के बाद कहा कि नवजोत सिद्धू ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कांग्रेस

- **पंजाब की नवगठित सरकार के कुछ फैसलों से नाराज नवजोत सिंह सिद्धू ने बीते दिनों पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को सिद्धू ने दिल्ली में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत से मुलाकात की।**

अध्यक्ष का फैसला उन्हें पूरी तरह स्वीकार होगा। पार्टी के निर्देश साफ हैं कि नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर कार्य करना चाहिए औप संगठनात्मक ढांचा तैयार कना चाहिए। इस संबंध में कल एक घोषणा की जाएगी।

इसलिए था सिद्धू ने इस्तीफा

चन्नी सरकार ने इकबालप्रीत सिंह सहोता को राज्य के डीजीपी का कार्यभार सौंपा। वरिष्ठ वकील एपीएस देओल को महाधिवक्ता बनाया। सिद्धू इन दोनों फैसलों से खफा थे। यही वजह है कि उन्होंने अचानक प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर हाईकमान को भी चौंका दिया था। अभी तक सिद्धू ने इस्तीफा वापस नहीं लिया है और न ही हाईकमान ने कोई फैसला किया है।

# पांच दिन और जेल में रहेगा आर्यन खान

### 20 अक्तूबर को अदालत सुनाएगी फैसला

मुंबई । मुंबई क्रूज ड्रग्स पार्टी केस में गिरफ्तार बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान फिलहाल कुछ दिन और जेल में ही रहना होगा। मामले में 14 अक्तूबर यानी गुरुवार को हुई कई घंटे की सुनवाई के बाद मुंबई के स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब अदालत इस मामले पर 20 अक्तूबर बुधवार को सुनवाई करेगा। आर्यन के साथ अब अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमीचा को 5 दिन और जेल में



रहना होगा। आर्यन की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने हाईकोर्ट में शौविक चक्रवर्ती के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उस मामले में तर्क यह था कि ड्रग्स की कोई जब्ती नहीं हुई, लेकिन हमारे मामले में जब्ती हुई है। वहीं, एएसजी के देर से पहुंचने के कारण कार्यवाही लेट शुरू हुई। उन्होंने कोर्ट में पहुंचते ही देरी के लिए माफी मांगी। आर्यन का आज जेल में 7वां दिन है।

## लखीमपुर खीरीः चारों आरोपियों को लेकर घटनास्थल पर किया रीक्रिएशन, पुलिस ने दौड़ाई गाड़ी, पुतलों को मारी टक्कर

लखीमपुर खीरी। तिकुनिया कांड मामले में मुख्य आरोपी गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र आशीष मिश्र समेत चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें रिमांड पर ले लिया है। जांच टीम ने बृहस्पतिवार को चारों को घटनास्थल पर ले जाकर, वहां क्राइम सीन का रीक्रिएशन किया। इस दौरान पुलिस ने एक साथ तेजी से गाड़ियां दौड़ाकर गद्दों से बने पुतलों को



पुलिस चारों आरोपियों को लेकर अपराह्न एक बजे घटनास्थल यानी तिकुनिया पहुंची, जहां पुलिस बल पहले से ही मौजूद था। इस दौरान सभी आरोपियों के साथ उनके वकील भी मौजूद रहे। जांच टीम ने सभी इंतजाम पूरे करने के बाद वहां पर क्राइम सीन का रीक्रिएशन किया।

टक्कर मारी। जांच टीम आशीष मिश्र को लेकर उनके गांव बनवीरपुर भी गई।

तिकुनिया हिंसा मामले में अब तक मुख्य आरोपी आशीष मिश्र मोनू समेत कुल छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। लिहाजा पुलिस ने जांच तेज करते हुए बृहस्पतिवार सुबह 10.15 बजे जेल में निरुद्ध तीन आरोपियों अंकित दास, गनर लतीफ उर्फ काले और ड्राइवर शेखर भारती को भी रिमांड पर ले लिया। इसके बाद टीम आरोपियों को लेकर क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंची। यहां आशीष मिश्र मोनू दो दिन से मौजूद है।

इसके बाद पुलिस चारों आरोपियों को लेकर अपराह्न एक बजे घटनास्थल यानी तिकुनिया पहुंची, जहां पुलिस बल पहले से ही मौजूद था। इस दौरान सभी आरोपियों के साथ उनके वकील भी मौजूद रहे। जांच टीम ने सभी इंतजाम पूरे करने के बाद वहां पर क्राइम सीन का रीक्रिएशन किया। इसके बाद टीम बनवीरपुर भी पहुंची जहां पर दंगल का आयोजन किया गया था।

## कोरोनाः 100 करोड़ खुराक होते ही रेलवे स्टेशन, बस व हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर होगा एलान, तमिलनाडु में छूट बढ़ी

नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि देश जब 100 करोड़ कोरोना खुराक देने का आंकड़ा प्राप्त कर लेगा तब बंदरगाहों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, एयरपोर्ट्स पर इसकी घोषणा की जाएगी।

देश में अब तक 96.82 करोड़ कोरोना रोधी खुराक लगाई जा चुकी है। अगले कुछ दिनों में कुल खुराक का यह आंकड़ा 100 करोड़ पर पहुंच जाएगा। इस बड़े मुकाम को पाने के अवसर पर सरकार ने विशेष घोषणा कर यह उपलब्धि जनता तक पहुंचाने का फैसला किया है।

30 देश वैक्सीन सर्टिफिकेट की मान्यता पर सहमत

वहीं, 30 से अधिक देशों ने भारत के साथ कोविड-19 वैक्सीन सर्टिफिकेट को लेकर रजामंदी दिखाई है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन देशों ने भारत के साथ आपसी मान्यता पर सहमति जताई है, उनमें यूके, फ्रांस, जर्मनी, नेपाल, बेलारूस, लेबनान,

**देश में कोरोना टीकाकरण एक बड़ा मुकाम पाने वाला है। जल्द ही देश 100 करोड़ खुराक लगाने वाला देश बन जाएगा। अभी 96 करोड़ से ज्यादा खुराक लगाई जा चुकी हैं।**



आर्मेनिया, यूक्रेन, बेल्जियम, हंगरी और सर्बिया शामिल हैं।

सूत्रों ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन और यूके सहित यूरोप के कुछ देश उन देशों में शामिल हैं, जिनके यात्रियों को भारत आगमन पर अतिरिक्त उपायों का पालन करने की आवश्यकता है, जिसमें आगमन के बाद का टेस्ट भी शामिल है।

तमिलनाडु में रियायत बढ़ी

लॉकडाउन से छूट की मियाद 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। इस दौरान राज्य में सभी दुकानें, होटल रात 11 बजे तक खुली रह सकेंगी। सभी धार्मिक संगठन शुक्रवार, शनिवार व रविवार को चल सकेंगे। एक नवंबर से समुद्र तट खोल दिए जाएंगे। अंत्येष्टि में 50 लोगों व शादियों में 100 लोगों को शामिल होने की इजाजत रहेगी।

केरलः गुरुवार को केरल में कोरोना के 9246 नए मामले मिले, जबकि 10,952 लोग ठीक हुए। 96 लोगों की मृत्यु हो गई। राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 95,828 हो गई है। अब तक राज्य में 26,667 मौतें हो चुकी हैं, जबकि 47,06,856 ठीक हो गए हैं।

आसमान पर सेंसेक्सः क्या अर्थव्यवस्था की असली तस्वीर दिखा रहा शेयर बाजार, गरीबों के लिए रसोई की जरूरतें पूरी करना हुआ मुश्किल

13 अक्टूबर 2021

बच्चों पर कोरोना वैक्सीन कितनी असरदारः ट्रायल करने वाले डॉक्टर से जानें हर सवाल का जवाब

दिक्कतः देश के कई हिस्सों में गूगल की जीमेल सर्विस हुई ठप, घंटों परेशान होते रहे यूजर्स


12 अक्टूबर 2021

बिजली संकटः आपात समस्या से निपटने के लिए तीन मंत्रालयों ने बनाया क्राइसिस ग्रुप, कोयले से भरी मालगाड़ियां होंगी डायवर्ट ।

## जल निकासी का काम अतिशीघ्र करें - मनोहर लाल

- **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों को मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश**
- **निर्धारित समय में जल निकासी का काम करें पूरा, ताकि किसानों को न आए दिक्कत**
- **खाद की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश**

चंडीगढ। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जलभराव वाले क्षेत्रों में से पानी की निकासी जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसान समय से अगली फसल की बिजाई कर सकें। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में उपायुक्तों को यह कार्य तय समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी



बैठक में मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निकासी के लिए आवश्यकता हो तो और पंपों की व्यवस्था करें ताकि समय से खेतों में से पानी निकाला जा सके। जल निकासी के बाद पानी ड्रेन में डालने की बजाए रिचार्जिंग के लिए इस्तेमाल किया जाए, इससे जलस्तर में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को कहा कि विभागों, निगमों, सोसाइटी एवं कमेटियों की बैठक निर्धारित समय अवधि में नियमित रूप से करें। साथ ही उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं की फिजिकल वैरिफिकेशन करके प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

जल निकासी के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निकासी के लिए इलेक्ट्रिक पंपों का इस्तेमाल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने इसके लिए बिजली विभाग को प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन देने और 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित समय अवधि में जल निकासी हो सके।

**मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल 17 तक खोला**

बैठक में बताया गया कि कुछ क्षेत्रों में किसानों को आ रही दिक्कतों को देखते हुए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल को खोला गया है। इस पोर्टल पर किसान 17 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

बारदाना, लिफ्टिंग और लेबर की न आए कोई समस्या

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि धान खरीद के दौरान किसानों को किसी तरह की कोई समस्या न आए। इसके साथ-साथ उन्होंने मंडियों में बारदाना, लिफ्टिंग और लेबर आदि की कोई समस्या न आना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**बाजरे का भावांतर भुगतान जल्द मिले**

मुख्यमंत्री ने बाजरे की फसल पर दी जाने वाली भावांतर योजना का लाभ छोटी जोत के किसानों को प्राथमिकता से दिए जाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने भावंतर भरपाई की राशि जल्द से जल्द किसानों के खातों में जमा करने के निर्देश दिए।

पराली प्रबंधन के लिए बनाएं कमेटी

मौजूदा समय में धान की फसल के अवशेषों के प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री ने स्थानीय स्तर पर कमेटियां बनाने के निर्देश दिए ताकि ये कमेटियां पराली प्रबंधन के लिए उचित व्यवस्था बना सकें । मुख्यमंत्री ने ऐसी योजना बनाने के लिए कहा जिससे किसानों को पराली की एवज में आर्थिक लाभ मिल सके।

**सड़कों की मरम्मत का काम जल्द से जल्द**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के कारण टूटी सड़कों की रिपेयर जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सिंघू और टिकरी बॉर्डर के आसपास की लिंक सड़कों को भी जल्द से जल्द रिपेयर करने के लिए भी कहा।

बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल, पीके दास, आलोक निगम, अनुराग रस्तोगी, डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, उपप्रधान सचिव आशिमा बराड़ सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सार समाचार

### दक्षिणी ताइवान में एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत, 51 अन्य झुलसे

ताइपे। दक्षिणी ताइवान में 13 मंजिला एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई और अन्य 51 लोग झुलस गए हैं। काऊशुंग शहर के दमकल विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि आग तड़के करीब तीन बजे लगी। दमकल कर्मी तलाश एवं बचाव अभियान में जुटे हैं। निचली मंजिलों की आग बुझा दी गई है। काऊशुंग शहर के दमकल विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि 14 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, ताइवान में मौत के आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि अस्पताल में ही की जाती है। आग में झुलस गए 51 अन्य लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। दमकल वभाग के बयान के अनुसार, आग बेहद ''भीषण'' थी और इमारत की कई मंजिलें आग में खाक हो गईं। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। चश्मदीदों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने तड़के तीन बजे एक विस्फोट की आवाज सुनी थी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इमारत 40 साल पुरानी थी, जिसकी निचली मंजिल पर दुकानें और ऊपर अपार्टमेंट थे।

### सड़ रहे हैं हजारों टन अफगानी अनारा

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के लाल, रसीले अनारों का मौसम शुरू हो गया है लेकिन इस साल हजारों टन अनार पाकिस्तान की सीमा पर सड़ रहे हैं. सीमा पर अनारों के ट्रकों को रोक दिया गया है, जिस वजह से हजारों लोगों का रोजगार भी छिन गया है.सुर्ख लाल रंग के बीज और चमड़े जैसे लाल रंग के छिलके वाले अफगानी अनार को पूरी दुनिया में स्वास्थ्य के लिए उसके फायदों की वजह से जाना जाता है. यह दक्षिणी अफगानिस्तान की सबसे महत्वपूर्ण फसलों में से है. देश पर तालिबान के कब्जे के दो महीने पूरे होने को हैं जिसकी वजह से चल रहे कई संकटों के बीच ये अनार भी अब पक रहे हैं. कंधार में फ्रेश फ्रूट्स यूनियन के मुखिया हाजी नानी आगा कहते हैं, 卐इस इलाके में ऐसे 15,000 कृषि मजदूर हैं जिनकी व्यापार के बंद होने की वजह से नौकरी चली गई है, और अब फल भी सड़ रहे हैं卐 अनार की झाड़ियों की छांव में खरबूजों के आकार के इन अनारों से भरे बोरो और पेटियों को ट्रकों पर लादा जा रहा है. सख्त प्रतिबंध ये ट्रक जल्द ही स्पिन बोल्दाक में अफगानिस्तान-पाकिस्तान की सीमा की तरफ रवाना हो जाएंगे. लेकिन इनसे पहले गए कई ट्रकों की यात्रा वहां जा कर खत्म हो गई. पाकिस्तान ने अपने पड़ोसी देश से व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आयातित फलों पर बिक्री कर हटा दिया है, लेकिन सीमा पार करने की कोशिश कर रहे आम अफगानियों के लिए प्रतिबंधों को और सख्त कर दिया है. पाकिस्तान अवैध रूप से लोगों के सीमा पार करने को रोकना चाह रहा है

### अमेरिका और साउथ कोरिया मिलकर उत्तर कोरिया से वार्ता शुरू करने की कर रहे हैं तैयारी

सियोल। वाशिंगटन में सियोल के राजदूत ली सू-ह्यूक ने कहा कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका मिलकर उत्तर कोरिया के साथ बातचीत फिर से शुरू करने के लिए चर्चा कर रहे हैं। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को एक संसदीय ऑडिट में, ली ने कहा कि देश उत्तर कोरिया को वार्ता की मेज पर वापस लाने के तरीकों पर भी चर्चा कर रहे हैं, जिसमें गरीब देश को मानवीय सहायता का प्रावधान भी शामिल हो सकता है। राजनयिक ने कहा, उत्तर कोरिया के साथ बातचीत के लिए अनुकूल स्थिति बनाने के लिए मानवीय सहायता के प्रावधान जैसे विश्वास बनाने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण कोरिया और अमेरिका कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण और शांति की स्थापना के लिए शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन ने 1950-53 के युद्ध को औपचारिक रूप से समाप्त करने की घोषणा करने का प्रस्ताव दिया है। प्योंगयांग वर्तमान में अमेरिकी प्रस्तावों के प्रति अनुत्तरदायी बना हुआ है, और 2019 की शुरूआत से वाशिंगटन के साथ परमाणुकरण वार्ता से दूर रहा है। अमेरिका ने कहा है कि वह उत्तर कोरिया के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने का समर्थन करता है। बुधवार को अपने संबोधन में ली ने कहा कि अमेरिका, हालांकि, दक्षिण कोरिया को अपने सामरिक परमाणु हथियारों को फिर से तैनात करने पर विचार नहीं कर रहा है।

### बेरुत में विरोध के दौरान हुई गोलीबारी, 2 की मौत

बेरुत। लेबनान की राजधानी बेरुत में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना बेरुत बंदरगाह विस्फोटों के मामले की जांच कर रहे न्यायाधीश तारेक बिटर के खिलाफ हिजबुल्लाह और अमल मूवमेंट के समर्थकों के सुनियोजित विरोध के दौरान हुई। हिज्बुल्लाह और अमल मूवमेंट ने लेबनान के संसद सदस्य अली हसन खलील के खिलाफ बीटार द्वारा मंगलवार को जारी गिरफ्तारी वारंट की प्रतिक्रिया में विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जब वह एक पूछताछ सत्र में भाग लेने में विफल रहे। लेबनानी सेना ने घोषणा की कि वह शूटरों को गिरफ्तार करने के लिए जस्टिस पैलेस के पास तायौनेह इलाके में तलाशी ले रही है। प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने आगे बढ़ने और सांप्रदायिक संघर्ष से बचने के लिए संघर्षो को रोकने का आग्रह किया।

### यूएनएचसीआर ने अफगानिस्तान में हजारों लोगों को सहायता प्रदान की

काबुल। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने गुरुवार को घोषणा की है कि उसने पूरे अफगानिस्तान में हजारों जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान की है।

यूएनएचसीआर अफगानिस्तान ने एक ट्विटर पोस्ट में कहा कि बुधवार को यूएनएचसीआर ने कई सहायता एजेंसियों के सहयोग से काबुल, कंधार, कुंदुज और बल्ख प्रांतों में कुल 4,506 लोगों को आवश्यक घरेलू सामान मुहैया कराया।

# इजरायल, सूडान सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**जेरूसलम (एजेंसी)।**

इजरायल ने कहा कि दो सरकारी अधिकारियों ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सूडान के न्याय मंत्री नसरदीन अब्दुलबारी से मुलाकात की।

दोनों मंत्रियों की ओर से जारी बयानों के अनुसार, अबू धाबी में दो अलग-अलग बैठकों में, अब्दुलबारी ने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए क्रमशः इजरायल के क्षेत्रीय मामलों के मंत्री इसावी फ्रेज और उप विदेश मंत्री इदान रोल से मुलाकात की। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दुलबारी ने अपनी मुलाकात के दौरान फ्रीज को बताया कि सूडान और इजरायल के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग आर्थिक संबंधों से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक बयान में कहा गया, हमें एक-दूसरे को जानना चाहिए और अपने लोगों के बीच संपर्कों को मजबूत करना चाहिए। एक अन्य बैठक में, अब्दुलबारी और तकनीकी प्रशिक्षण, शिक्षा और संस्कृति में सहयोग स्थापित करने पर सहमत हुए। इजरायल के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वे अब्राहम समझौते के तहत दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग पर सहमत हुए। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग में पारस्परिक हित है ताकि सभी देशों के युवाओं की मदद की जा सके जो अब्राहम समझौते का हिस्सा हैं। इजराइल और सूडान अक्टूबर 2020 में अपने संबंधों को सामान्य करने के लिए सहमत हुए थे। हालांकि अभी तक दोनों देशों के बीच आधिकारिक डील साइन नहीं हुई है।



# अदानी पोर्ट्स के बैन से नाराज हुआ ईरान, बताया असंतुलित कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

ईरान ने अदानी पोर्ट्स द्वारा ईरानी कंटेनर्स के आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले की आलोचना की है। ईरान ने इसे गैर-पेशेवर और असंतुलित कदम बताया है।

बता दें कि 11 अक्टूबर को अदानी पोर्ट्स ने घोषणा करते हुए कहा था कि 15 नवंबर से उनके टर्मिनल ईरान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कार्गो को नहीं संभाल सकेंगे। यह नियम अदानी पोर्ट्स द्वारा संचालित सभी पोर्ट्स के लिए होंगे। अदानी ग्रुप के इस कदम को उठाने के पीछे कोई वजह नहीं बताई थी। हालांकि करीब तीन हफ्ते पहले भारतीय अधिकारियों ने अदानी ग्रुप द्वारा संचालित मुंद्रा पोर्ट पर 2.65 बिलियन रुपये की तीन टन हेरोइन जब्त की थी। नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने अपने ट्विटर



पेज से मामले को लेकर कई ट्वीट किए हैं। इसमें कहा गया है कि अफगानिस्तान में अस्थिरता के कारण ईरान कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें नशीले पदार्थों के उत्पादन में बढ़ोतरी देखी है। ईरान ने कहा है कि यूनाइटेड नेशंस ने नशीले पदार्थों पर नियंत्रण करने के लिए हमारी तारीफ की है लेकिन ट्रेड से इनकार कर और एक गैर-पेशेवर और असंतुलित कदम उठाकर खेपों पर प्रतिबंध लगाकर गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा। ब्यान में कहीं अदानी पोर्ट्स का नाम नहीं था लेकिन तेहरान ने कड़े शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया दे दी है।

# इमरान खान की सुनने को राजी नहीं बाजवा? आईएसआई के नए चीफ पर अब भी नहीं हुआ फैसला

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के नए डायरेक्टर की नियुक्ति को लेकर पाकिस्तान में पीएम इमरान खान और सैन्य नेतृत्व के बीच गतिरोध जारी है। डॉन की एक रिपोर्ट मुताबिक इमरान खान को उम्मीदवारों की एक लिस्ट मिली है। नाम न बताने की शर्त पर एक केंद्रीय मंत्री ने डॉन को बताया है कि पीएम को मामले को लेकर जानकारी दी गई है जिसमें डीजी आईएसआई के ऑफिस के लोगों के नाम हैं।

सत्ताधारी पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ ने नेशनल असेंबली में सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ पीएम की बैठक के विवरण के खुलासे को लेकर अपने नेता आमिर डोगर को फटकार लगाई है। उन्हें कथित तौर पर पार्टी से कारण बताओ नोटिस मिला था।

मामले को लेकर सफाई देते हुए केंद्रीय सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने ट्वीट कर बताया कि नए ढ्ढस्ढ्ढ डायरेक्टर की नियुक्ति को लेकर पीएम और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के बीच बातचीत हो चुकी है और नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इमरान सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश की स्थिरता, अखंडता और विकास के लिए सभी संस्था एकजुट हैं।

इससे पहले कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए फवाद चौधरी ने जहा था कि पीएम इमरान खान संविधान के मुताबिक आईएसआई के डायरेक्टर की नियुक्ति चाहते हैं। रक्षा मामलों के विशेषज्ञों की मानें तो



नियुक्ति की प्रक्रिया का संविधान या सेना अधिनियम में उल्लेख नहीं किया गया है। पिछली नियुक्तियां परंपराओं के मुताबिक की गई थी जिसके तहत सेना प्रमुख पीएम को तीन नामों का प्रस्ताव देते हैं। अंतिम फैसला पीएम ही लेते हैं।

पिछले हफ्ते इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने घोषणा की थी कि लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम को नया ढ्ढस्ढ्ढ डायरेक्टर बनाया गया है और मौजूदा लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को पेशावर कोर कमांडर के रूप में तैनात किया गया है।

चूंकि पीएम ऑफिस द्वारा नियुक्ति को लेकर कोई अधिसूचना नहीं जारी की गई तो सरकार को चुप्पी तोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। फवाद चौधरी ने साफ़ कहा है कि ढ्ढस्ढ्ढ डायरेक्टर की नियुक्ति का अधिकार पीएम को है। ऐसे में पीएम ऑफिस या सैन्य व्यवस्था कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएगी जिससे एक-दूसरे की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे।

# चीन और रूस की नौसेना ने युद्धाभ्यास शुरू किया, राजनीतिक और सैन्य सहयोग को मिलेगा बढ़ावा



**बीजिंग। (एजेंसी)।**

चीन और रूस की नौसेना ने रूस के सुदुर पूर्व में बृहस्पतिवार को संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू किया जो दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनीतिक और सैन्य सहयोग का संकेत है। 'संयुक्त समुद्र -2021' नाम से यह युद्धाभ्यास बृहस्पतिवार को रूस के सुदुर पूर्व में पीटर महान की खाड़ी में शुरू हुआ और यह रविवार तक चलेगा। चीन की सरकारी मीडिया ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान संचार, बारूदी सुरंग रोधी, हवाई खतरों और पनडुब्बी रोधी कार्रवाई का अभ्यास किया जाएगा और इस दौरान समुद्री लक्ष्यों को संयुक्त रूप से निशाना बनाया जाएगा।

खबरों में बताया गया कि पहले भी इस तरह के युद्धाभ्यास होते रहे हैं लेकिन पहली बार चीन ने अपने पनडुब्बी रोधी विमान और 10 हजार टन से अधिक जल विस्थापन क्षमता वाले विध्वंसकों को विदेश युद्धाभ्यास के लिए भेजा है। गौरतलब है कि अमेरिका के वैश्विक स्तर पर प्रभाव का मुकाबला करने के लिए चीन और रूस एकजुट हैं और दोनों ने अफगानिस्तान और अन्य मुद्दों पर अमेरिकी विदेशी नीति की आलोचना की है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर किया गया हमला, दुर्गा पूजा के दौरान मूर्तियों को तोड़ा, पंडाल में मौजूद तीन हिंदुओं की हत्या की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश से हिंदुओं पर हमले की खबरें आ रही हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश से दुर्गा पूजा पंडालों और मूर्तियों पर हमले की कई घटनाएं सामने आई हैं। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट के बाद बांग्लादेश के कोमिला में एक पूजा स्थल पर कुरान का अपमान करने का आरोप लगाया गया और उसके बाद वहा पर कुछ लोगों ने काफी तोड़फोड़ की। पुलिस गुस्साई भीड़ पर काबू नहीं पा सकी और भीड़ ने खूब आतंक बनाया। दुर्गा पूजा के दौरान मूर्तियों को तोड़ दिया गया।

ग्राउंड रिपोर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडाल पर हुए हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए है। इस हमले के दौरान कई राउंड फायरिंग भी की गई जिससे तीन हिंदुओं की मौत हो गई। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। इसके अलावा काफी लोग घायल है जिसकी गिनती नहीं की जा सकी है। रिपोर्ट में कहा



गया है कि कमिला हिंसा के बाद, चांदपुर के हाजीगंज, चट्टोग्राम के बंशखली और कॉक्स बाजार के पेकुआ के मंदिरों से भी तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं।

सरकार ने कथित तौर पर उन इलाकों में अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है जहां हिंसा हुई थी। जिस पूजा मंडप पर हमला किया गया था, उसकी तस्वीरें बांग्लादेश हिंदू एकता परिषद द्वारा साझा की गई थीं।

रिषद ने आगे कहा बांग्लादेश के इतिहास में एक निंदनीय दिन ... हम एक ट्वीट में प्रकाशित नहीं कर सकते हैं कि पिछले 24 घंटों में क्या हुआ है। बांग्लादेश के हिंदुओं ने कुछ लोगों के असली चेहरे देखे। हमें नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा लेकिन बांग्लादेश के हिंदू 2021 की दुर्गा पूजा को कभी नहीं भूलेंगे।

# 250 फलस्तीनी कैदियों का भूख हड़ताल, इजराइल ने बना रखा है बंधक

**रामल्ला। (एजेंसी)।**

इजराइल द्वारा बंधक बनाये गये कम से कम 250 फलस्तीनी कैदियों ने अलग-अलग कोठरियों में रखे जाने के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू कर दी है।



अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चरमपंथी 'इस्लामिक जिहाद' संगठन की अगुवाई में भूख हड़ताल ऐसे समय में हो रही है जब पिछले महीने उच्च सुरक्षा वाली एक जेल से छह कैदियों के भाग जाने के बाद इजराइल के हिरासत केंद्रों में तनाव बढ़ गया है। इन छह कैदियों को कुछ सप्ताह के अंदर फिर पकड़ लिया गया था, लेकिन इससे इजराइली अधिकारियों के लिए असहज स्थिति पैदा हो गयी।

पश्चिम एशिया में संघर्ष के सिलसिले में इजराइल ने इस समय 4,600 से अधिक फलस्तीनियों को बंधक बना रखा है। कैदियों में इराजइलियों के खिलाफ जानलेवा हमलों के दोषी चरमपंथियों से लेकर राजनीतिक कार्यकर्ता तक हैं जिन्होंने प्रदर्शनों में भाग लिया। इनमें इजराइली सैनिकों पर पथराव करने वाले किशोर भी हैं। कैदी खुद को राजनीतिक गुट की तौर पर संगठित रखते हैं और उन्होंने पिछले कुछ सालों में भूख हड़तालों तथा अन्य सामूहिक कार्रवाई के जरिये छूट प्राप्त की हैं।

# उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन ने जताई आपत्ति, भारत ने दिया करारा जवाब

**बीजिंग। (एजेंसी)।**

चीन ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश के हालिया दौरे पर बुधवार को आपत्ति जताई और कहा कि वह इस दौरे के पूरी तरह खिलाफ है क्योंकि उसने कभी राज्य को मान्यता नहीं दी है। नायडू ने नौ अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था और राज्य विधानसभा के एक विशेष सत्र को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि पूर्वोत्तर में स्पष्ट बदलाव क्षेत्र में विकास के पुनरुत्थान का स्पष्ट साक्ष्य है जिसकी दशकों तक अनदेखी की जाती रही। चीन अपनी स्थिति दिखाने के लिए भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर नियमित तौर पर आपत्ति व्यक्त करता रहा है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और भारतीय नेता इस राज्य का समय-समय पर उसी तरह दौरा करते हैं जिस तरह कि वे देश के अन्य हिस्सों का दौरा करते हैं।

नायडू के दौरे के बारे में चीन की आधिकारिक मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने कहा कि चीन ने राज्य को कभी मान्यता नहीं दी है। उन्होंने कहा, ''सीमा मुद्दे पर चीन की स्थिति अडिग और स्पष्ट है। चीन सरकार ने कभी भी भारतीय पक्ष द्वारा एकतरफा और अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी है एवं यह भारतीय नेता के संबंधित क्षेत्र के दौरे का कड़ा विरोध करता है।'' लिजान ने कहा, हम भारतीय पक्ष से चीन की प्रमुख चिंताओं का ईमानदारी से सम्मान करने और ऐसी किसी कार्रवाई से बचने का आग्रह करते हैं जिससे सीमा मुद्दा और जटिल तथा विस्तारित हो एवं जो आपसी विश्वास और द्विपक्षीय संबंधों को कमतर करे।

प्रवक्ता ने कहा, इसके बजाय इसे चीन-भारत सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए वास्तविक ठोस कार्रवाई करनी चाहिए तथा द्विपक्षीय संबंधों को वापस पटरी पर लाने में मदद करनी चाहिए। भारत कहता रहा है कि द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित मुद्दों का समाधान आवश्यक है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में 17 महीने से भारत और चीन के बीच चले आ रहे गतिरोध



को दूर करने में विफल रहने के कुछ दिन बाद आई है। भारतीय सेना ने सोमवार को कहा कि रविवार को हुई 13वें दौर की सैन्य वार्ता में उसके द्वारा दी गई ''सकारात्मक सलाह'' पर चीनी पक्ष सहमत नहीं हुआ और न ही वह उम्मीद दिखाने वाला कोई प्रस्ताव दे सका।

# दिल्ली देहात के प्रतिनिधि मंडल से मुख्यमंत्री ने की बैठक

- चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली देहात के सभी प्रमुख मुद्दों और समस्याओं से अवगत कराया
- सीएम केजरीवाल ने इन सभी मुद्दों के जल्द जल्द समाधान का भरोसा दिलाया



प्रफुल्ल राय(शिवालिक)

**नई दिल्ली ।** पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमंडल से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बैठक की। इस दौरान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली देहात के सभी प्रमुख मुद्दों और समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल की ओर एक लिखित ज्ञापन भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपा। सीएम केजरीवाल ने इन सभी मुद्दों के जल्द जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

इस दौरान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने दिल्ली देहात के जिन प्रमुख मुद्दों और समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री को अवगत कराया वो हैं, दिल्ली में बंद म्यूटेशन प्रक्रिया को पुन: बहाल करना, ग्राम सभा की जमीनों का डीडीए द्वारा अधिग्रहण पर रोक लगाकर उनका इस्तेमाल गांव देहात के लोगों को जन सुविधाएं उपलब्ध कराने व विकास कार्यों में इस्तेमाल किया जाना, ग्राम सभा के बैंकों में जमा लगभग 4000 करोड़ रुपए को सामाजिक पंचायतों के माध्यम से गांव देहात के विकास कार्यो में इस्तेमाल किए जाने की सुविधा प्रदान कराना, दिल्ली देहात के गाँवों में विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय निर्माण और गांवों में बने चौपालों के नवीनीकरण व रखरखाव सुनिश्चित किया जाना, दिल्ली देहात दो शहीद जवानों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपए का मुआवजा प्रदान करना, जमीन अधिग्रहण पर पड़ोसी राज्यों की तुलना में दिल्ली में मिल रही कम मुआवजा राशि को उचित मात्रा में बढ़ाया जाना, इस सीजन में भारी बारिश से नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा देना, धारा 81 और धारा 33 को ख़तम किया जाय और इसके तहत दर्ज पुराने मुकदमों को वापस लेना, दिल्ली देहात के क्षेत्र को सरकार द्वारा 'विशेष दर्जा' दिया जाना प्रमुख है।

बैठक में इस मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद मुख्यमंत्री जी ने आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार द्वारा इन सभी मुद्दों का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा और जो मुद्दे केंद्र सरकार के अधीन आते हैं उन पर भी दिल्ली सरकार की ओर से सहमति के साथ केंद्र सरकार को अनुशंसा की जाएगी। इस बैठक में दिल्ली सरकार के राजस्व एवं परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत भी मौजूद रहे। दिल्ली देहात के इस प्रतिनिधि मंडल में चौ0 धारा सिंह प्रधान बवाना 52, चौ0 अजय नंबरदार प्रधान तिहाड़ 28, चौ0 राजपाल प्रधान पल्ला 12, चौ0 सतीश नंबरदार प्रधान समयपुरबादली 12, चौ0 अमर सिंह, चेयरमैन कैर गांव,चौ0 धर्मपाल बाकरगढ़, सुखबीर डागर ढासा,और चौ0 नरेश प्रधान लाड़ोसराय 96 व अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

# महिलाओं के लिए गुलाबी शौचालयों की शुरूवात

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने 6 गुलाबी शौचालयों का उद्घाटन किया

नई दिल्ली,(संजय कुमार)।



उत्तरी दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने गुरुवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम के शहरी- सदर पहाड़गंज क्षेत्र में 6 गुलाबी शौचालयों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद, रविन्द्र कुमार, आयुक्त, संजय गोयल, पदम पुरस्कार विजेता शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, विक्रमजीत सिंह साहनी, उपायुक्त शशांका आला, निदेशक कार्यक्रम योजना, डॉ. रजनी वाधवा और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। ये शौचालय महिलाओं और बच्चों के लिए अनुकूल हैं जिन्हें गुलाबी कपड़े पहने महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा।

उत्तरी दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि इन शौचालयों में विकलांगों के लिए रैंप व महिलाओं के लिए विशेष अन्य प्रावधान हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन शौचालयों का संचालन और रखरखाव शीर्ष श्रेणी का हो, इसके लिए पीवीआर नेस्ट द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के अंतर्गत इसका रख-रखाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने पहले करोलबाग क्षेत्र में 4 गुलाबी शौचालय शुरू किए थे और अब शहरी- सदर पहाड़गंज क्षेत्र में 6 और गुलाबी शौचालयों का उद्घाटन किया गया है। महापौर श्री राजा इकबाल सिंह ने बताया कि यह गुलाबी शौचालय नेहरू हिल्स वार्ड नंबर 88, मिरदर्द रोड पार्क वार्ड नंबर 88, प्रियदर्शनी कॉलोनी, रिंग रोड वार्ड नंबर 84, आजाद मार्केट के पास जेई स्टोर वार्ड नंबर 80, महाराजा अग्रसेन पार्क, कश्मीरी गेट मेट्रो के पास वार्ड नंबर 83 और जेएलएन मार्ग एलएनजेपी अस्पताल के सामने वार्ड नंबर 88 में स्थित। आयुक्त संजय गोयल ने बताया कि यह नई पहल शहरी-सदर पहाड़गंज क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करेगी।

## सार संक्षेप

### विजय गोयल और पूर्व महापौर जय प्रकाश ने चलाया स्वछता अभियान




नई दिल्ली। गांधी स्मृति व दर्शन समिति के उपाध्यक्ष, विजय गोयल और पूर्व महापौर जय प्रकाश ने गुरुवार को बाड़ा हिंदू राव प्राथमिक विद्यालय में स्वछता अभियान चलाया। गांधी स्मृति व दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि पिछले दिनों हम ने दिल्ली के तीनों महापौरों के साथ बैठक की थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि निगम विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, ताकि जब बच्चे विद्यालयों में आए तब उन्हें उनके विद्यालय साफ सुथरे मिले। उन्होंने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता के क्षेत्र में क्रांति लेकर आए हैं स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों ही ज़रूरी है ये उन्होने नागरिकों को बताया है। जय प्रकाश ने बताया कि शहर साफ़ हो उसके लिए उत्तरी दिल्ली नगर निगम हमेशा आगे बढ़कर कार्य करती है। हमारे सफाई कर्मचारी सुबह छह बजे से ही शहर को साफ़ करने के कार्य में लग जाते हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान रोज़ का अभियान है जैसे अन्य काम ज़रूरी है वैसे ही सफ़ाई भी प्रतिदिन ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अभियान को लेकर चल रहे हैं तो ऐसे ही गांधी स्मृति व दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल में निगम विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया है।

### प्रचार के वीडियो में नाबालिगों का इस्तेमाल करने पर दिल्ली सरकार को एनसीपीसीआर का नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गुरुवार को एक प्रचार वीडियो की शिकायत पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है, जिसमें नाबालिग स्कूली छात्रों को दिखाया गया है। शीर्ष बाल अधिकार पैनल ने कहा कि वीडियो, जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना मास्क पहने स्कूली बच्चों की बड़ी सभा के साथ देखा जा सकता है और सामाजिक दूरी से परहेज करते हुए कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन है और नाबालिग स्कूली बच्चों के जीवन को खतरे में डालता है। आयोग ने कहा कि उसे ओडिशा स्थित कलिंग राइट्स फोरम के राष्ट्रीय संयोजक से शिकायत मिली है और वीडियो में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और कोविड-19 महामारी प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है।

### दशहरे के त्यौहार का आध्यात्मिक पहलू

नई दिल्ली। हम सब यह जानते हैं कि भगवान राम अपने पिता की आज्ञा से चौदह वर्ष के बनवास पर गए। जहाँ रावण ने उनकी पत्नी सीता का हरण कर लिया। जिसके कारण उन्हें सीता को रावण के चुंगल से छुड़ाने के लिए युद्ध करना पड़ा। जिसमें राम की जीत हुई और वे सीता को वापिस लाए। तभी हर वर्ष दशहरे का त्यौहार मनाया जाता है। ये त्यौहार असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। रामायण की कथा के दो पहलू हैं-एक बाहरी और एक अंतरी। बाहरी पहलू के बारे में हम सब अच्छी तरह जानते हैं लेकिन अंतरी पहलू जोकि हमारी आत्मा से जुड़ा है उसके बारे में हम बहुत कम जानते हैं। रामायण की वास्तविक शिक्षा आध्यात्मिक है, जो हमें आत्म-तत्त्व की जानकारी देती है।

# महानवमी के अवसर पर पूर्वी दिल्ली में लगी कपड़ों की प्रदर्शनी

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर ( (एजेंसी)। रामनवमी के अवसर पर दिल्ली के यमुना पार स्थित होटल लीला में झलक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचे। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 70 के करीब स्टाल सजे हुए थे। इस प्रदर्शनी में लगे होनर बाई मेघना के स्टॉल पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस में सबसे ज्यादा महिलाओं की भीड़ बनारसी एवं राजस्थानी सूट और दुपट्टे के स्टाल पर लग रही है। इसमें शहर वासियों की हर जरूरत को एक छत के नीचे ही पूरी करने की कोशिश की गई है। इसमें होम डेकोरेट से लेकर सर्दियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के कपड़े, पंजाबी जूती, ट्रेडिशनल ज्वेलरी, डिजाइन कपड़ों को शामिल किया गया था। प्रदर्शनी के आयोजको ने बताया कि ताने-बाने के साथ रंगों का समीकरण पुराना है जिसमें



धागों को रंग कर या ताने-बाने के बराबर नापतोल से बने कपड़े को रंग कर आकर्षक बनाया जाता है। लेकिन रंगों की यह कलाकारी जब ब्रश के जरिए कपड़ों पर उतर जाए तो उसका रूप और भी निखार देती है। दिल्ली में लगी हमारी यह प्रदर्शनी अब की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी में मुंबई, दिल्ली, हरियाणा, लुधियाना, चंडीगढ़, बेंगलुरू, राजस्थान जैसे अन्य राज्यों से व्यापारी अपने प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाने के लिए पहुंचे थे।

# कोविड के दौरान नि:स्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने वाले डॉक्टर सम्मानित

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित डॉक्टरों को कोविड-19 महामारी के दौरान उनके नि:स्वार्थ और समर्पित सेवा भावना के साथ कोरोना मरीजों का इलाज करने के लिए सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों को शॉल और कोविड वारियर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के सचिव डॉ. श्रवण बगरिया, अभिषेक जैन, सदस्य सलाहकार समिति, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग, मनीष जैन, सामाजिक कार्यकर्ता समेत खाद्य



एवं नागरिक आपूर्ति कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने डॉक्टरों की तरफ से कोरोना काल के दौरान किये गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान विशेष रूप से हमारे डॉक्टरों और पैरामेडिक्स स्टाफ समेत फ्रंटलाइन वर्कर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा कर उनकी जान बचाई। उन्होंने कहा कि नि:स्वार्थ सेवा कर लोगों की जान बचाने के लिए हम डॉक्टरों का सम्मान करते हैं। मैं आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। इस सम्मान समारोह में डॉ. डी. के. चौहान, डॉ. आर. के. सचदेवा, डॉ. वी. के. उपाध्याय, डॉ. अंकित जैन, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. भुवनदीप गुप्ता, डॉ. हिमांशु शर्मा को चिकित्सा के क्षेत्र के उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कोविड योद्धा के रूप सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि आज इन साहसी डॉक्टरों का सम्मान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। इन डॉक्टरों ने कोरोना महामारी में मार्च 2020 से अब तक चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। मैं डॉक्टरों और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करता हूं।

# केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली की पहली स्मार्ट ऐप 'माई पार्किंग' का लोकार्पण किया

## ऐप पर दक्षिणी निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पार्किंग की वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध होगी

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर एवं दक्षिणी दिल्ली के महापौर मुकेश सुर्यान ने गुरुवार को दिल्ली की पहली स्मार्ट पार्किंग ऐप का लोकार्पण किया जिस पर दक्षिणी निगम की पार्किंग की वास्तविक समय की स्थिति ज्ञात हो सकेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष स्थाई समिति कर्नल रि. बी के ओबेरॉय, आयुक्त ज्ञानेश भारती उपस्थित रहे। इस पार्किंग ऐप का निर्माण दक्षिणी निगम ने ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर किया है। दक्षिणी निगम एवं ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया




लिमिटेड ने आज केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर एवं दक्षिणी निगम के महापौर मुकेश सुर्यान की उपस्थिति में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। समझौता पत्र के अनुसार बीइसीआईएल दक्षिणी निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पार्किंग स्थलों के लिए ऐप आधारित स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था का कार्यान्वयन करेगी।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त ऐ. ऐ. ताजिर, अध्यक्षा आर. पी. कमेटी राधिका अब्रोल, उपायुक्त आरपी सेल पी. एस. झा तथा बीइसीआईएल एवं दक्षिणी निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पार्किंग ऐप की सहायता से नागरिक घर बैठे ही पार्किंग स्थल पर पार्किंग की उपलब्धता देख सकेंगे एवं पार्किंग स्थल पर अपना स्थान सुगमता से आरक्षित करा सकेंगे जिसके फलस्वरूप दिल्ली के नागरिकों को पूर्णत: नया अनुभव मिलेगा।इस स्मार्ट पार्किंग ऐप की सहायता से पूर्णत: कैशलस एवं पेपरलेस लेनदेन किया जायेगा जिसके कारण कई किलो कागज़ की बचत होगी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष रैंक हासिल करने के लिए एनडीएमसी ने कसी कमर

नई दिल्ली,(रविशंकर तिवारी)।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की सबसे स्वच्छ राजधानी के रूप में सम्मानित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अब आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किए जा रहे आगामी 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2022' में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में रैंक प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की तैयारी कर रही है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद वाटर प्लस सिटी के रूप में सम्मानित होने के बाद, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी अनुपचारित अपशिष्ट जल पर्यावरण में न छोड़ा जाए, जिससे स्वच्छता श्रृंखला की स्थिरता को सुरक्षित किया जा सके, इसी क्रम में आज पालिका परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र ने स्वच्छ सर्वेक्षण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करने, सुधार के अवसरों की पहचान करने और अंतराल को पाटने के लिए आवश्यक कार्यों की समीक्षा करने के लिए सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्षों द्वारा इसकी तैयारी के लिए सभी मापदंडों पर एक विस्तृत चर्चा की गई , जिससे आगे की ओर बढ़ने की योजना बनाई जा सके, जिससे उद्देश्य, इरादे और डिजाइन द्वारा लक्ष्य को बहाल करने और उन्हें कार्यान्वित करना सुनिश्चित किया जा सके। इस तरह के इरादे के परिवर्तन के लिए अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति अपनी सोच और व्यवहार को बदलने के लिए जन भागीदारी की आवश्यकता होगी, इस बात पर जोर दिया गया ।

पालिका परिषद के अध्यक्ष ने नागरिको तक पहुंचने पर केंद्रित गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने और आपातकालीन और आपदा प्रबंधन के लिए तैयारियों को और मजबूत करने का भी निर्देश दिया है।

**अभियान** *अभियान के तहत 100 चौराहों पर 2500 सिविल डिफेंस वालंटियर तैनात किए जाएंगे*

# 18 नवंबर तक चलेगा 'रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान' : गोपाल राय

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 'रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान के तहत पर्यावरण, राजस्व एवं दिल्ली पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक हुई। दिल्ली में 18 अक्टूबर से 18 नवंबर तक 'रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान' चलेगा। रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान के तहत 100 चौराहों पर 2500 सिविल डिफेंस वालंटियर तैनात किए जाएंगे। दिल्ली के 90 चौराहों पर 10-10 वालंटियर और 10 मुख्य चौराहों पर 20-20 सिविल डिफेंस के पर्यावरण मार्शल तैनात किए जाएंगे।**

यह अभियान सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक दो शिफ्ट में चलेगा। 'मुख्यमंत्री की तरफ से जनता के नाम अपील' का पंफलेट भी चौराहों पर वितरित किया जाएगा। दिल्ली सचिवालय के सभागार में गुरुवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा सभी पहलुओं पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के अंदर धूल प्रदूषण को रोकने के लिए 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट अभियान चलाया जा रहा है। पराली के प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में पूसा बायो डी कंपोजर घोल का छिड़काव किया जा रहा है। पिछले दिनों सीएम अरविंद केजरीवाल ने वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के लोगों से अपील की थी कि जनता की सहभागिता के बिना इस मिशन को मंजिल तक नहीं पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने तीन अपील की थी रेड लाइट ऑन होने पर गाड़ी ऑफ करें। दूसरा सप्ताह में एक ट्रिप कम करें या सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें या कार पुलिंग करें।



तीसरा दिल्ली के अंदर किसी भी तरह का प्रदूषण होता दिख रहा है तो ग्रीन दिल्ली ऐप पर सूचित करें। उन्होंने बताया कि अभियान सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक चलेगा। पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 8 बजे तक होगी। इन दोनों पारियों में वालंटियर चौराहों पर तैनात रहेंगे। इस पूरे अभियान के दौरान मुख्यमंत्री की तरफ से जनता के नाम अपील का पंफलेट भी लोगों में चौराहों पर वितरित किया जाएगा। जिससे कि रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान में हिस्सेदारी करें।

## भाजपा शासित एमसीडी ने कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद भी जीपीएफ नहीं दिया है: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम के पास कर्मचारियों के जीपीएफ के 1232 करोड़ रुपए में से सिर्फ 28 करोड़ रुपए उपलब्ध हैं। एमसीडी के भाजपा नेता 2014 से कर्मचारियों का जीपीएफ जमा नहीं करवा रहे हैं। भाजपा शासित एमसीडी ने काफी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद भी जीपीएफ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता बताएं कि निगम कर्मचारियों का 1200 करोड रुपए जीपीएफ कहां गया? एमसीडी में जिस नई पार्टी की सरकार बनेगी, वह यह पैसा कहां से लेकर आएगी। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्राइवेट हो या सरकारी, हर कर्मचारी का जीपीएफ कटता है। इसमें एक हिस्सा कर्मचारी की तनख्वाह से कटता है और दूसरा हिस्सा एंप्लॉयर को जमा कराना होता है। एक कर्मचारी के लिए सेवानिवृत्त होते समय जीपीएफ के पैसे को लेकर बड़ी उम्मीद होती है। कर्मचारी सोचता है कि सेवानिवृत्त होने के बाद जीपीएफ के पैसे से बच्चों की शादी करूंगा, मकान बनाउंगा, काम-धंधे के अंदर पैसे लगाऊंगा और जीवन के दूसरे बड़े काम करूंगा, जिन्हें नौकरी में रहते हुए नहीं कर पाया हूं। उन्होंने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष ने सवाल पूछा कि कर्मचारियों का जीपीएफ का कितना पैसा होना चाहिए? जिसका जवाब आया कि 1232.45 करोड़ रुपए कर्मचारियों का जीपीएफ होना चाहिए। इसके बाद सवाल पूछा कि जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए हैं, उनका कितना पैसा बकाया है।

# संपादकीय

## लखीमपुर और राजनीति

लखीमपुर खीरी कांड में मृत चार किसानों और एक पत्रकार का अंतिम अरदास समारोह मौके की गरिमा के अनुकूल तो हुआ ही, इसका शांतिपूर्ण समापन स्थानीय प्रशासन के लिए भी किसी राहत से कम नहीं रहा। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुछ राजनेताओं के पहुंचने की खबर को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही थीं, लेकिन आयोजकों और नेताओं, दोनों ने अपने-अपने तईं मर्यादित आचरण ही किया। किसी भी समाज में शांति-व्यवस्था के लिए यह बहुत जरूरी होता है कि सभी अपने-अपने दायरे का सम्मान करें। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने कई परिवारों को कभी न भूलने वाला जख्म दे दिया है, पर चिंता इस बात की थी कि इसके बाद पैदा हुए जनाक्रोश व राजनीतिक सरगर्मियों से समाज को कहीं और गहरे जख्म न मिल जाएं। लेकिन कल के कार्यक्रम से यही संदेश निकला कि शांतिपूर्ण तरीकों से भी इंसाफ की मांग की जा सकती है और उसके लिए दबाव बनाया जा सकता है।

निस्संदेह, इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य सरकार की भूमिका समझदारी भरी रही। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों और खीरी के आंदोलित किसानों से संवाद करने में देरी नहीं की। मृतकों के आश्रितों के लिए नगद मुआवजे व दूसरे राहत उपायों की घोषणा, नामजद एफआईआर, और फिर आरोपी मंत्री-पुत्र की गिरफ्तारी से लोगों में यही संदेश गया कि प्रशासन का रवैया टालमटोल वाला नहीं है। मुमकिन है, इसमें आसन्न विधानसभा चुनाव और इस दुखद घटना के आरोपियों के विरुद्ध व्यापक जनभावना ने बड़ी भूमिका निभाई हो, पर क्या यही आदर्श स्थिति भी नहीं है? कोई भी देश या समाज अपराध या अपराधियों से पूर्णतः मुक्त नहीं हो सकता, लेकिन उसके सभ्य होने की कसौटी यही है कि पीड़ित और उत्पीड़क के प्रति उसका आचरण कैसा रहा? क्या वह पीड़ित के साथ इंसाफ और उत्पीड़क को दंडित कर सका? लखीमपुर खीरी मामले पर सियासत अभी होगी। आगामी विधानसभा चुनावों तक न तो किसान संगठन, और न ही भाजपा विरोधी पार्टियां इसकी आंच मद्धम पड़ने देंगी। वैसे भी, जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें किसानों का काफी रसूख व असर है। उत्तर प्रदेश सरकार के लिए चुनौती दोहरी है। एक तो उसे राजनीतिक स्तर पर अपने विरोधियों का मुकाबला करना है और दूसरी, कानून-व्यवस्था को बनाए रखना है। अब तक लखीमपुर मामले में जैसी मुस्तैदी बरती गई है, यदि वह आगे भी बनी रही, तो सत्तारूढ़ पार्टी कहीं बेहतर बचाव करने में समर्थ होगी, साथ ही जल्द न्याय की उम्मीद लोगों को असंतुष्ट होने से भी रोकेगी। वैसे तो, यह किसी भी शासन-प्रशासन का स्वाभाविक गुण होना चाहिए, लेकिन सरकारों की दलगत पक्षधरता ने हमारे प्रशासनिक ढांचे को किस कदर नुकसान पहुंचाया है, यह बताने की जरूरत नहीं है। लखीमपुर खीरी कांड और उसके बाद के घटनाक्रम तमाम राज्य सरकारों के लिए एक सबक है कि त्वरित कार्रवाई कैसे समाज में शांति बहाल करती है। अगर हमारे शासक यह समझ लें कि बेहतर प्रशासन सर्वोत्तम राजनीति है, तो उन्हें अपने विरोधियों की बाड़ेबंदी की दरकार ही न हो। वैसे भी, लोकतंत्र में इस तरह की कोशिशें जनता के मन में संदेह को ही जन्म देती हैं।

## चीन से गतिरोध जारी

भारत और अड़ियल पड़ोसी चीन के मध्य सीमा विवाद फिलहाल बंद गली में जाकर अटक गया लगता है। दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सैनिकों की वापसी का विवाद थमने की बजाए बढ़ता हुआ ही नजर आ रहा है। साल भर से चल रहे गतिरोध का अंत अभी भी नजर नहीं आ रहा है। दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच बातचीत का ताजा दौर भी बेनतीजा वार्ता के बाद विफल हो गया लगता है। लद्दाख के हॉट्प्रिंग्स इलाके में पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 (पीपी 15) पर भारत और चीन की सेनाएं डटी हुई हैं। गतिरोध खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर की वार्ता के 12 दौर हो चुके हैं। 10 अक्टूबर को वार्ता का 13 वां दौर था, लेकिन इसका भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। भारत के अनुसार यथास्थिति को बदलने की चीन की एकतरफा कोशिशें गतिरोध के लिए जिम्मेदार हैं। उधर चीन का तर्क था कि भारत को मौजूदा स्थिति को संजो कर रखना चाहिए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठक में भारतीय पक्ष ने बाकी बचे इलाकों के समाधान के लिए रचनात्मक सुझाव दिएग लेकिन चीन ने उन्हें स्वीकार नहीं किया और कोई प्रस्ताव भी नहीं दिया। इसी क्षेत्र की गलवान घाटी में जून 2020 में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक मुठभेड़ हुई थी। चीनी सेना ने 'उल्टा चोर कोतवाल को ड़ांटे' वाला अंदाज अपनाते हुए भारत की मांगों को अनुचित और अवास्तविक बताया और कहा कि 'स्थिति का गलत आकलन करने की जगह भारतीय पक्ष को हासिल की हुई स्थिति को संजो कर रखना चाहिए।' फरवरी में दोनों पक्षों ने पैंगोंग त्सो झील के पास के कुछ इलाकों से अपनी सेनाओं को पीछे ले लेने का निर्णय लिया था। ऐसा पहली बार हुआ है जब एक-दूसरे पर आरोप लगाने वाले बयान जारी किए गए हैं। पीपी 15 पर एलएसी के पार भातीय इलाके के पास चीनी सेना की एक टुकड़ी तैनात है। भारत का दावा है कि चीन भारत को डेपसांग तराई में अपने ही पांच पेट्रोलिंग बिंदुओं तक नहीं पहुंचने दे रहा है। अनुमान है कि पूरे इलाके में दोनों सेनाओं के लगभग 50,000 सैनिक तैनात हैं। सेनाध्यक्ष नरवणे हाल ही में चेता चुके हैं कि इलाके में चीन स्थाई निर्माण करेगा तो भारत भी पीछे नहीं रहेगा। इस स्थिति में बदलाव जरूरी है।

**प्रवीण कुमार सिंह**

# चढ़ते शेयर से बढ़ती आशंकाएं



भारतीय शेयर बाजार की हैसियत लगातार बढ़ रही है। बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैपिटलाइजेशन) के मामले में यह अब ब्रिटेन से बहुत पीछे नहीं है। इस साल भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैप में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 3.46 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके बरक्स, ब्रिटिश शेयर बाजार के मार्केट कैप में नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई है और उसकी पूंजीगत हैसियत 3.59 लाख करोड़ डॉलर है। हालांकि, महामारी के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई थी, लेकिन जल्द ही इसने रफ्तार पकड़ ली और पिछले महीने इसने पहली बार फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए बाजार पूंजीकरण के मामले में छठा स्थान हासिल कर लिया। भारतीय शेयर बाजार की यह तेजी आम निवेशकों को आकर्षक लग सकती है। बावजूद इसके, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर पिछले एक साल में कई बार कह चुके हैं कि वास्तविक अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र में कोई तालमेल नहीं दिख रहा है। आखिर क्यों?

इस सवाल का जवाब शेयर बाजार की मूल अवधारणा में छिपा है। किसी भी देश का शेयर बाजार इस तथ्य पर निर्भर करता है कि उस देश की अर्थव्यवस्था से कितनी उम्मीद पाली जाए? आने वाले दिनों के भरोसेमंद दिखने पर ही शेयर बाजार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश किया जाता है। अपने यहां ऐसी सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या लगभग 6,000 है। हालांकि, इनमें से भी मूलतः 2,000 के करीब कंपनियों पर ज्यादातर निवेशक विश्वास करते हैं। अनुमान है कि इन छह हजार कंपनियों पर बमुश्किल 10-20 लाख लोग मालिकाना हक रखते होंगे। इसका अर्थ है कि 1.35 अरब की आबादी वाले इस देश में शेयर बाजार पर लगभग 0.1 फीसदी लोगों का ही नियंत्रण है। तो, शेयर बाजार में होने वाली तेजी मूलतः इनके लिए ही फायदेमंद है। बाकी, तीन-चार करोड़ आम निवेशकों को बहुत फायदा नहीं मिलता, क्योंकि वे सभी छोटे निवेशक हैं।

> भारतीय शेयर बाजार में इस साल पूंजी के मामले में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। फ्रांस के बाद ब्रिटेन भी पिछड़ने वाला है। आखिर क्यों?

भारत के साथ दिक्कत यह है कि यहां की अर्थव्यवस्था में असंगठित क्षेत्र का योगदान काफी ज्यादा है, लेकिन महिमामंडन संगठित क्षेत्र का किया जाता है। शेयर बाजार में न तो असंगठित क्षेत्र की कोई हिस्सेदारी है और न ही लघु व मध्यम उद्योगों की। यानी, भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा शेयर बाजार से दूर है। जबकि, पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा नुकसान इन्हीं क्षेत्रों को हुआ है। वास्तव में, शेयर बाजार में आ रही इस तेजी की एक वजह असगंठित क्षेत्र को हो रहा नुकसान भी है। विशेषकर नोटबंदी के बाद से असंगठित क्षेत्र के हिस्से की मांग संगठित क्षेत्र के खाते में चली गई है। रही-सही कसर जीएसटी और महामारी ने पूरी कर दी। असंगठित क्षेत्र को बेशक जीएसटी से बाहर रखा गया है, लेकिन संगठित क्षेत्र का इनपुट क्रेडिट इसको नुकसान पहुंचा रहा है। इसी तरह, कोरोना के बाद स्थानीय दुकानदार के बजाय लोग ऑनलाइन खरीदारी पर ज्यादा भरोसा करने लगे हैं। नतीजतन, कंपनियों का लाभ बढ़ गया है और निवेशक यह उम्मीद करने लगे हैं कि आने वाले दिनों में ये कंपनियां कहीं अच्छा रिटर्न देंगी। इसीलिए, उन्होंने निवेश बढ़ा दिया है।

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशक भी खूब आ रहे हैं। दुनिया के कई देशों में महामारी के दरम्यान राहत पैकेज जारी किए गए, जिससे बाजार में नकदी (तरलता) बढ़ी है। पहले के दिनों में बैंक या बचत योजनाओं जैसी निवेश के अन्य साधन थे, जिनमें अच्छा-खासा रिटर्न मिलता था। मगर कोरोना ने निवेशकों को यहां से निराश किया है। कई देशों में तो ब्याज निगेटिव हो गया है, जिसका अर्थ है कि वहां पैसों का निवेश करने पर निवेशक को ही ब्याज दर चुकानी पड़ रही है। भारत इस मामले में अभी अच्छी स्थिति में है। चूंकि यहां की टेक्नोलॉजी, ई-कॉमर्स, ई-बैंकिंग जैसी कंपनियों में स्थानीय निवेशकों का भी भरोसा है, इसलिए विदेशी निवेशक भी इनमें अपने लिए उम्मीद खोज रहे हैं। निवेश करने वालों में वे कंपनियां भी शामिल हैं, जो इसलिए भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रही हैं, ताकि वे स्थानीय कंपनियों पर अपना नियंत्रण बना सकें। यही कारण है कि डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने और तमाम जोखिम को देखने के बावजूद विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार पर भरोसा कर रहे हैं। हालांकि, इस आपाधापी में उन कंपनियों को भी फायदा हो रहा है, जो तुलनात्मक रूप से कमजोर हैं। इन सब कारकों ने यहां मूल्य-आय अनुपात (कंपनी के शेयर की कीमत और शेयर से मिले लाभ का अनुपात) काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। लाभांश और पूंजीगत लाभ (निवेश का बिक्री मूल्य उसकी खरीद से ज्यादा हो) मिलाकर निवेशक को काफी अच्छा फायदा मिल रहा है। लेकिन यदि यह दस फीसदी के करीब गिर गया, तो बैंक की ब्याज दर से कम रिटर्न मिल सकता है।

लिहाजा, बाजार पूंजीकरण जब तक बढ़ता रहेगा, निवेशकों की चांदी बनी रहेगी, पर जैसे ही यह स्थिर हो जाएगा या बढ़ना बंद होगा, निवेशकों के हाथ खींचने से शेयर बाजार धड़ाम से गिर सकता है। इसका नुकसान बड़े निवेशकों को तो शायद ही होगा।

यहां 1992 का हर्षद मेहता घोटाला हमारे लिए सबक हो सकता है, जिसमें छोटे निवेशकों की पूरी की पूरी जमा-पूंजी तक डूब गई थी। इसका एक बड़ा नुकसान यह हो सकता है कि हमारे शेयर बाजार को लेकर जो सकारात्मक माहौल विश्व अर्थव्यवस्था में बना है, वह भी झटके से बदल जाए। मूल्य-आय अनुपात में काफी तेजी से इस आशंका को बल मिलता है। साफ है, इस बुलबुले को थामने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत है। संभव हो, तो सरकार शेयर बाजार में रोजाना होने वाली खरीद-बिकवाली पर कुछ 'ट्रांजेक्शन चार्ज' लगाए। इससे न सिर्फ शेयर बाजार की अस्थिरता घटेगी, बल्कि सामाजिक क्षेत्र को भी पैसा मिल सकेगा। फिलहाल, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में काफी निवेश की दरकार है। इससे नए रोजगार का भी सृजन हो सकेगा। फिर, स्पेक्युलेशन, यानी अनुमान-आधारित शेयर बाजार की यह ऊंचाई वास्तविक निवेश की तरफ से लोगों का मुंह मोड़ रही है, क्योंकि अगर अनुमान लगाने मात्र से ही एक साल में हमें अच्छा-खासा रिटर्न मिल रहा हो, तो नई इंडस्ट्री में, जिसमें पांच साल के बाद रिर्टन आएगा, निवेशक क्यों पैसे लगाएंगे? इसका हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## प्रोफेसर के नोट्स/ दिलीप शाक्य

### प्रतिबिम्ब

बैली नर्तकी, नीला शिफॉन, वाइन के ग्लासग ऐलीट क्लास के ऐटीकेट, महंगे परिधान, गर्वीली स्त्रियॉ, बेपरवाह प्रेमी-जोड़े और मचलती रोशनियों का चमकीला मायाजाल। ऐसे दिलकश और मादक वातावरण में प्रोफेसर को अपना ही एक क्लास-लेक्चर याद आ गया।

वह फेड्रिक जेम्सन का एक मशहूर वाक्य था, जिसे उन्होंने अपने छात्रों की सांस्कृतिक समझ दुरुस्त करने के लिए कोट किया था। जितनी ही उनकी आंखें बैली-नर्तकी के अंगों की थिरकनों पर फिसलती जातीं कानों में उस वाक्य की गूंज उतनी ही उभरती जाती। फेड्रिक जेम्सन का वाक्य था- 'पोस्ट-मॉर्डनिज्म इज द कल्चरल लॉजिक ऑफ लेट कैपिटिलज्म'। वाक्य के विषय में सोचते-सोचते वे किसानों के विषय में सोचने लगे। उन्होंने आई-पैड ऑन कर लिया और समाचार-पोर्टलों पर सरसरी निगाह डाली। देश के अनेक राज्यों में किसान संकट में थे। कहीं-कहीं वे भूख और बेकारी से तंग आकर आत्महत्या कर रहे थे। समाचारों में डिजाइनर वस्त्रों में संवेदना व्यक्त करते नेताओं के चित्र थे। अभिनेताओं के विज्ञापन थे। टैक्सी-ड्राइवर छाया काउंटर से रेड-वाइन लेकर आ चुकी थी। प्रोफेसर को लगा कि वे एक साथ वाइन-ग्लास, बैली-नर्तकी और किसानों की चीख के दरम्यान खड़े हैं। मन के भीतर एक एब्सर्ड-सी फीलिंग हुई, जिसे दबाने के लिए उन्होंने वाइन का एक घूंट लिया लेकिन अगले ही क्षण लगा कि वॉमिट हो जाएगी। 'एक्सक्यूज मी' कहते हुए वे वॉशरूम की ओर आ गए। आईने में देखा कि आंखें बुरी तरह जल रही थीं। जलन को पानी से मिटाना चाहा मगर जलन और भी तेज हो गई। उन्होंने स्वयं से पूछा कि आखिर वे चाहते क्या हैं? क्या बैली-नर्तकियां किसानों के खेतों में हल चलाने लगें या किसान पेंटहाउसों में रहने लगें? इससे पहले कि उनका प्रतिबिम्ब जवाब देता वॉशरूम के बाहर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वे दौड़कर बाहर आए। छाया सामने ही थी। उन्हें देखते ही बोली-'आइए, यहां से निकल चलें। किसी ने बैली-डांसर को गोली मार दी है।' वे भागते हुए इतना ही देख सके कि गार्ड्स नशे में बेसुध एक युवक को कसकर पकड़े हुए हैं। युवक के बाल लम्बे थे और उसके सिर पर पीले रंग की कैप थी।

## व्यक्तित्व विकास

### शाश्वत जीवन मूल्य हों शिक्षा के मूलाधार

सामाजिक सांस्कृतिक प्राणी के रूप में भारतीय मानस ने अपनी विकास यात्रा के अंतर्गत न केवल शारीरिक एवं जैविक विकास किया, अपितु बौद्धिक, सांवेगिक, सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित कीं। सांस्कृतिक दृष्टि से उसने अपनी एक आदर्श जीवनशैली को विकसित किया, जिसमें परस्परता, सहिष्णुता, प्रकृति के साथ सामंजस्य और मूल्याधारित शिक्षा आदि द्वारा सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत की निरंतरता को बनाए रखा। इनके द्वारा हमने अपने अस्तित्व के अर्थ को अन्य सभ्यताओं से इतर सर्वथा भिन्न पहचान दी। इससे हमारी सभ्यता के बारे में एक स्पष्ट तथ्य उभरता है कि इसका मूलाधार विश्व-बंधुत्व की भावना एवं प्रकृति के साथ सहजीवन जैसे शाश्वत मानवीय मूल्यों का संरक्षण है। हमारी संस्कृति में इन तत्वों का समावेश गहन मंथन द्वारा दीर्घकालीन सांस्कृतिक विचार-मीमांसा के उपरांत हुआ।

दीर्घकालीन विकास यात्रा के दौरान हमने इन्हीं मूल्यों को अपनी सांस्कृतिक निरंतरता का हिस्सा बनाया। परिणामतः हममें ऐसी अनूठी और समन्वयकारी विश्वदृष्टि का विकास हुआ, जिससे भारतीय होने का अर्थ अपने आप में विशिष्ट हो जाता है। चाहे पहचान की बहुलता हो या सांस्कृतिक अभ्यासों की विविधता, इन सबके साथ भारतीय जनमानस के अन्दर भारतीय होने का भाव हमेशा विद्यमान रहता है। इसका संदेश वेदों, उपनिषदों, वेदांगों, पुराणों, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद?्गीता, आगम, सुत्तपिटक, श्रीगुरुग्रंथ साहिब और अनेकानेक लोकसंतों द्वारा सृजित साहित्यों में प्रचुरता में उपलब्ध है। इस समृद्ध परंपरा में जड़ता के स्थान पर गतिशीलता रही है। यही कारण रहा है कि हर युग, हर संदर्भ, हर देश काल में हमारे यहां विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों से समाज सुधारक हुए, जिन्होंने हममें इन जीवन मूल्यों को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज को संगठित करने की नई परिभाषाएं एवं दिशाएं दीं। इनमें चार तत्व अति महत्वपूर्ण है— सत्य एक है, उसकी अभिव्यक्ति बहुविधि होती है; अपने-पराए का बोध तुच्छ है, हमें इससे ऊपर उठकर सार्वभौमिक मानवता के बारे में सोचना चाहिए; सभी का कल्याण हमारे उद्यमों का परम लक्ष्य होना चाहिए; और संग्रह के स्थान पर मितव्ययिता और अपरिग्रह हमारा आदर्श होना चाहिए।



इन्हीं सिद्धांतों को अलग-अलग भाषाओं में संतों, गुरुओं और समाज सुधारकों द्वारा दर्शाया गया है। महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का दर्शन, दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का दर्शन, विनोबा भावे का भूदान आन्दोलन, नानाजी देशमुख की ग्रामीण विकास अवधारणा इत्यादि इन्हीं मूलभूत सिद्धांतों का पुनर्नवीकृत रूप है। वस्तुतः देखा जाए तो हमारी क्षेत्रीय, जातीय, धार्मिक अस्मिताओं की विविधताओं के बीच ये एकात्मकता के स्रोत हैं। हम त्याग के साथ उपभोग करने में विश्वास रखते हैं। हमारी संकल्पना 'कम भी अधिक' है, को अंगीकार करते हुए न्यूनतम संसाधनों में ही जीवकोपार्जन करके संतुष्ट होने की रही है। विश्वस्तर पर भी देखा जाए तो लगातार इन मानवीय मूल्यों एवं संवेदनाओं का क्षरण हुआ है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों के प्रति सचेत रहना चाहते हैं, तो इन मूल्यों को अखंडित रखना परम आवश्यक है। संभवतः मूल्यों का क्षरण हमारी मानवीय विश्व दृष्टि एवं प्रकृति आधारित विकास में हुए परिवर्तन का परिणाम है एवं यह परिवर्तन विदेशी संस्कृति के आगमन और मैकाले प्रदत्त शिक्षा प्रणाली को अपनाने से हुआ। हमने जिस शिक्षा व्यवस्था को अंगीकार किया, उसमें 'मूल्य आधारित जीवन' के बदले 'पूंजी आधारित जीवन' को श्रेष्ठ माना गया7 फलस्वरूप हमारा मूल स्वभाव परिवर्तित हुआ। अब हम एक ऐसी सभ्यता में जी रहे हैं जहां 'अधिक भी कम है' की स्वीकृति हो चुकी है। हम लगातार प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, फिर भी हमारे लालच की पूर्ति नहीं हो पा रही है। परिणामतः हम ऐसी स्थिति पर आ चुके हैं, जहां हमें संसाधनों की समस्या के साथ-साथ पर्यावरणीय समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। हमें भारत की परम्परा और संस्कृति से ऐसे संस्कारों, व्यवहारों, पद्धतियों और शिक्षा के सूत्रों को खोजने की जरूरत है, जहां विश्व-बंधुत्व ही हमारा सर्वोपरि लक्ष्य था, जहां प्रत्येक व्यक्ति की सुख-समृद्धि सबकी सुख-समृद्धि का आधार थी, जहां हर जड़-चेतन की शांति एवं सुख ही जीवन का परम ध्येय था। हम केवल विषय ज्ञान पर आधारित कक्षा शिक्षण के भरोसे ऐसी मूल्य आधारित शिक्षा पद्धति का विकास नहीं कर सकते हैं। इसका एक और बेहतर ढंग यह होगा कि हम शैक्षणिक संस्थाओं की संस्कृति में भारतीयता के मूल्यों का बीजारोपण करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इस दिशा में महत्वपूर्ण संस्तुति प्रस्तुत करती है। यह शिक्षा नीति अपनी प्रस्तावना में ही मूल्य आधारित समाज व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करती है, और यह सुनिश्चित करने की क्षमता रखती है कि इन शाश्वत मूल्यों को कैसे बहुविषयी पाठ्यचर्या, अनुभवजनित अधिगम प्रणाली और कौशल विकास को निष्कर्ष आधारित शिक्षा के साथ एकीकृत किया जाए, जिससे व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण जैसे शिक्षा के मूलभूत उद्देश्यों को सुनिश्चित किया जा सके।

## प्रदूषण

### नये मानकों के मायने

बीते हफ्ते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायु प्रदूषण के मानकों में कुछ बदलाव किए हैं। इस बाबतनए दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। पिछले 16 सालों में यह पहला मौका है जब विश्व स्वास्थ्य संगठन नेप्रदूषण मानकों में संशोधन किए हैं। आखिरी बार 2005 में वायु प्रदूषण के मानक तय किए गए थे। इस नये दिशा-निर्देश की खास बात यह है कि पहले के बरक्स अब प्रदूषक के पैमाने और सख्त गए हैं।

पहले के मुकाबले अब इसकी स्वीकार्य सीमा में कमी की गई है। दरअसल, अब तक के नियम के मुताबिक वायु में पीएम-2.5 की सांद्रता 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक की इजाजत थीग लेकिन अब वायु में पीएम-2.5 की स्वीकार्य सीमा सिर्फ 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर ही होगी। इसी तरहग पीएम-10 या इससे बड़े आकार के पातटकुलेट कण के लिए अब तक नियम था कि वायु में इसकी सांद्रता 20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए, लेकिन नये दिशा-निर्देश में इसकी सांद्रता घटा कर 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तय की गई है। ये पैमाने सालाना औसत के लिहाज से तय किए गए हैं।

सवाल है कि इन संशोधनों के मायने क्या हैं? इन संशोधनों का अर्थ है कि पहले जहां पीएम-2.5 की सांद्रता 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा होने पर वायु को प्रदूषित समझा जाता था, अब 5 माइक्रोग्राम से अधिक होने पर ही प्रदूषित माना जाएगा। मतलब कि पैमाने सख्त हुए अर्थात गरीब और विकासशील देशों की मुश्किलें और बढ़ गई। अब इन देशों को वायु की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए और मशक्कत करनी होगी। सवाल है कि जब पहले से निर्धारित लक्ष्य ही पूरे नहीं हो पा रहे हैं, तो नये और सख्त पैमानों को अमलीजामा पहनाना मुमकिन कैसे हो सकेगा? जो विकासशील और गरीब देश पहले से ही इन मुश्किलों से जूझ रहे हैंग क्या नियंत्रित करने के प्रयासों में इन देशों का उत्साह कम नहीं होगा? हालांकि, यह भी सच है कि अब तक निर्धारित मानक 16 साल पुराने थे और वैश्विक बदलाव के मद्देनजर इन्हें बदला जाना चाहिए था, लेकिन जब इस डेढ़ दशक पुराने लक्ष्य को ही अब तक हासिल नहीं किया जा सका हैग तब इस बात की उम्मीद ही बेमानी है कि पहले से भी सख्त मानक पर विकासशील देश चल सकेंगे। अब भारत को ही ले लीजिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की तुलना में भारत के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक बहुत अधिक उदार हैं।




मिसाल के तौर पर 24 घंटे की अवधि में अनुशंसित पीएम-2.5 की सांद्रता 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है जबकि डब्ल्यूएचओ के 2005 मानक में यह 25 माइक्रोग्राम था, जिसे अब घटा कर 15 किया गया है। जाहिर है भारत का यह स्तर निम्न है, लेकिन हैरानी की बात है कि भारत में इस स्तर को भी हासिल नहीं किया जा सका है। ग्रीनपीस के एक अध्ययन में 2020 में राजाधानी दिल्ली में पीएम-2.5 की औसत सांद्रता प्रदूषण के अनुशंसित स्तरों से लगभग 17 गुना अधिक पाई गई। वहीं, मुंबई में प्रदूषण का स्तर आठ गुनाग कोलकाता में नौ गुना और चेन्नई में पांच गुना ज्यादा था।

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के मुताबिक भारत की 90 फीसद से ज्यादा आबादी पहले से ही उन क्षेत्रों में रहती हैग जहां प्रदूषण का स्तर डब्ल्यूएचओ के वर्ष 2005 के मानदंडों से अधिक था। अपनी हालिया रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने यही बात दोहराई है। हालांकि, यह तथ्य केवल भारत के लिए नहीं है, बल्कि दुनिया भर की 90 फीसद आबादी दूषित हवा में सांस ले रही है। यानी डब्ल्यूएचओ के नये मानक दुनिया भर के लिए एक नई मुश्किलें खड़ी करेंगी। अमेरिका जैसे विकसित देशों को इस संशोधित मानक से ज्यादा मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इसकी वजह है कि ये देश वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में बेहद कामयाब रहे हैं। मिसाल के तौर पर अमेरिका में पीएम-2.5 का सांद्रण डब्ल्यूएचओ के मानक से महज ढाई गुना ही ज्यादा है। यह सच है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के नये मानक सख्त हैं और लक्ष्य को असंभव देखकर भारत जैसे विकासशील देशों के हौसलों को चोट पहुंच सकता है, लेकिन हमें यह भी गौर करना होगा कि वायु प्रदूषण के चलते हर साल लाखों लोग असामयिक मौत मरते हैं। एक बड़ी आबादी गंभीर बीमारियों का शिकार बनती है। ऐसी परिस्थितियां देश को आतथक मोर्चों पर खूब हानि पहुंचाती है। इसलिए नये मानकों को हासिल करने के लिए सरकारों को कमर कसना होगा ताकि नौनिहालों तक के लिए अभिशाप बन चुके वायु प्रदूषण के खतरों को कम किया जा सके।

गौरवशाली भारत के स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह, टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI, No. DELHIN383334, E-mail: gauravashalibarat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# मुरैना में बन रहा था नकली खाद, गोदाम में मारा छापा

## इफको डीएपी के 140 भरे हुए और बड़ी मात्रा में खाली कट्टे और पेकिंग मशीन बरामद



मुरैना। जिले के पोरसा कस्बे में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आज नकली खाद बनाने के एक गोदाम पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में इफको के डीएपी खाद के खाली और भरे हुए कट्टे बरामद किए।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रशासन को शिकायतें मिल रही थी कि पोरसा कस्बे में इफको के डीएपी के खाद के कट्टों में नकली खाद भरी जा रही है। सुबह पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की एक सयुंक्त टीम ने पोरसा के गोकुलपुरा में स्थित एक गोदाम पर छापे मार कार्रवाई की। छापे के दौरान वहां से इफको डीएपी के 140 भरे हुए और बड़ी मात्रा में खाली कट्टे और पेकिंग मशीन बरामद हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार निम्न गुणवत्ता वाले ग्रोप्लस (ग्रो-मोर) खाद इफको डीएपी के कट्टों में भरा जा रहा था। पांच सौ रूपये कीमती ग्रोप्लस खाद 1205 रूपये कीमती इफको डीएपी के कट्टों में भरा जाकर किसानों को बेचा जा रहा था। सूत्रों के अनुसार ग्रोप्लस में मात्र फास्फोरस तथा डीएपी में नाइट्रोजन और फास्फोरस दोनों हीं मिश्रित बताए गए हैं। छापे के दौरान गोदाम पर मिले मजदूरों से पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अभी पूछताछ कर रहे हैं।

### यहां उर्वरक यूरिया खाद से बना रहे थे लिक्विड सोप

**इंदौर।** किसानों के साथ धोखाधडी कर अवैध रूप से उर्वरक यूरिया खाद भंडारित करने वाली फर्म के विरुद्ध पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच, चंदननगर पुलिस एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त टीम ने मेसर्स बुरहानी केमिकल्स फर्म पर छापा मारा तो यहां अवैध रूप से उर्वरक यूरिया खाद से लिक्विड सोप बनाया जा रहा था। किसानों को खेती के लिए दिया जाने वाले यूरिया खाद को अवैध रूप से अपनी फर्म में भंडारित कर आरोपी व्यवसायिक उपयोग कर रहा था। कृषि विकास विभाग द्वारा आरोपी बुरहानुद्दीन पिता कलीमउद्दीन के विरुद्ध थाना चंदन नगर पर धारा 420, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 धारा 3, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 धारा 7 उर्वरक आदेश 1985 की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# रतलाम में पेट्रोल पंप के पीछे पाइप के गोदाम में लगी भीषण आग, 50 घर कराए खाली

## दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू, टला बड़ा हादसा



**रतलाम।** गुरुवार सुबह मोहननगर क्षेत्र स्थित प्लास्टिक के पाइप गोदाम में अचानक आग आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के 50 से अधिक घर इसकी चपेट में आ सकते थे।

प्रशासन द्वारा आनन-फानन में इन घरों को खाली कराया गया और इन घरों में रखे गैस सिलेंडरों को भी दूसरी जगह रखा गया। वहीं जहां आग लगी थी उसके आगे एक पेट्रोल पंप था, जिसे तत्काल बंद करवाया गया। सूचना पहुंचने पर मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। काफी मशक कत के बाद करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्लास्टिक पाइप में लगी आग को 7 फायर लारियों सहित पानी के टैंकरों से करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। रहवासी क्षेत्र में खुली जमीन पर माल गोदाम की अनुमति देने पर क्षेत्रवासियों का आक्रोश फूट पड़ा।

मौके पर मौजूद प्रशासन व निगम अधिकारियों के समक्ष जमकर विरोध जताया। अगर यह आग रात में लगती तो क्षेत्र में बडी जनहानि हो सकती थी। आग इतनी भीषण थी कि उसका धुआं 4 से 5 किमी तक दिखाई दे रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### सीहोर: सलकनपुर देवी दर्शन को जा रहे भाई-बहन को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**सीहोर।** जिले में गुरुवार को नवमी पर देवी दर्शन के लिए सलकनपुर जा रहे भाई बहन को ट्रैक्टर ने रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई, जबकि मृतक युवक की पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के अष्टा के ग्राम बनवीर पूरा से सुबह दो मोटर साइकिलों पर पांच लोग सलकनपुर देवी दर्शन के लिए निकले थे। तभी हकीमाबाद घाटी के पास एक ट्रैक्टर ने सामने से ही दोनों मोटर साइकिलों में टक्कर मार दी। इस घटना में 40 वर्षीय ठाकुर प्रसाद और 23 वर्षीय उसकी बहन किरण की मौत हो गयी। वहीं, ठाकुर प्रसाद की पत्नी प्रमिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस में दोनों मृतको का पोस्टमार्टम करा कर उनके शव परिजनों को सौप दिए हैं। वहीं घायल आष्टा अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मुरैना: बासी दाल खाकर परिवार के 11 लोग बीमार, एक महिला की मौत

**मुरैना।** पोरसा के कोंथर खुर्द गांव में बासी दाल खाकर एक ही परिवार के 11 लोग बीमार हो गए। इनमें से एक महिला की कुछ देर बाद मौत हो गई, जबकि 9 लोगों को उपचार के लिए ग्वालियर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को कोंथर खुर्द निवासी विनोद के बेटे सूरज का जन्मदिन था। इस अवसर पर 50 लोगों का भोजन बनाया गया था। दाल भी भोजन में शामिल थी। जो दाल बची थी, उसे परिवार के लोगों ने फ्रिज में रख दिया। दूसरे दिन दाल को गर्म करके सभी ने फिर से खाया। इसके कुछ देर बाद ही लोग बीमार पड़ गए तो सभी को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान रीता पत्नी विनोद सिंह 45 वर्ष की मौत हो गई। वहीं मुन्नी देवी, कृष्णा देवी, लाली, चांदनी, विवेक, खुशी, अन्नू, सूरज का इलाज ग्वालियर में चल रहा है। पुलिस ने रीता की मौत पर मर्ग कायम कर, मामले को जांच में ले लिया है।

### इंदौर: बदमाश ने दी पुलिस को चुनौती, अभी तो 307 ही हुई है...302 बाकी है..

**इंदौर।** सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के कारण अब तो गुंडे बदमाश भी इसका सहारा लेकर पुलिस को चुनौती देने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। हमले के आरोपियों को जेल भेजने के बाद उसके भाई ने पोस्ट पर पुलिस को चैलेंज देते हुए कहा है कि अभी तो 307 का ही मामला हुआ है, 302 बाकी है। उल्लेखनीय है कि 9 अक्टूबर को भविष्य निधि कर्मचारी सोनू सोलंकी को द्वारकापुरी के रिलेक्स गार्डन के पीछे चाकू मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने सुनील चौहान और संदीप प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को फिलहाल जेल भेज दिया है। सुनील के भाई दिनेश ने फेसबुक पर पोस्ट डाला है जिसमें लिखा है कि अभी तो 307 धारा लगी है, 302 धारा बाकी है। वक्त का इंतजार करिए जनाब बेहतर नहीं बहुत बेहतरीन जवाब दिया जाएगा। दिनेश खुद को मुंबई का डान माया भाई भी बता रहा है। दिनेश की फेसबुक पोस्ट पर अब पुलिस उसके खिलाफ भी कार्रवाई करने जा रही है।

### रायपुर: पांचवी अनुसूची के क्षेत्र में ग्रामसभा को विशेष अधिकार: उईके

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा कि पांचवी अनुसूची के क्षेत्र में ग्राम सभा को विशेष अधिकार होते हैं और उनकी अनुमति के बिना कोई भी परियोजना या अन्य कार्य क्रियान्वित नहीं किया जा सकता हैं। सुश्री उइके ने गत 04 अक्टूबर से सरगुजा से 300 किमी पैदल यात्रा कर राजधानी पहुंचे आदिवासियों के एक प्रतिनिधिमण्डल स कहा कि वे उनकी संरक्षक है। उनकी भावनाओं को समझती हैं और उनकी जो भी समस्या है, उनका यथोचित समाधान करने का प्रयास करूंगी। साथ ही शासन से चर्चा करूंगी। प्रतिनिधिमण्डल ने हसदेव अरण्य परिक्षेत्र को संरक्षित करने और कोयला खनन परियोजना को निरस्त करने, बिना ग्रामसभा के सहमति के हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल बेयरिंग एक्ट 1975 के तहत किए गए भूमि अधिग्रहण को निरस्त करने और पांचवी अनुसूची क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के पूर्व ग्राम सभा से अनिवार्य सहमति लेने तथा पेसा कानून को लागू करने का आग्रह किया।

### रायपुर: आधी कीमत पर दवा उपलब्ध कराने खुलेंगे 188 मेडिकल स्टोर्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धनवंतरी दवा योजना के तहत 169 शहरों में 188 ऐसे मेडिकल स्टोर्स खोले जाएंगे, जिनमें मरीजों को अधिकतम खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी) में 50 प्रतिशत से अधिक छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अक्टूबर को इस योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना की शुरुआत 85 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स के साथ की जाएगी। शेष दुकानें भी इस माह के अंत तक प्रारम्भ हो जाएंगी। आगामी चरण में इन दुकानों से घर पहुंच दवा डिलीवरी की भी व्यवस्था की जायेगी। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इससे दवाइयों पर होने वाले खर्च का बोझ कम हो सकेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य के सभी 169 नगरीय निकायों में शासन के सहयोग से श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोले जा रहे हैं। नगरीय निकायों द्वारा 188 दुकानों का चिन्हांकन किया गया है। इन दुकानों में 251 दवाइयों, 27 सर्जिकल आइटम साहित विभिन्न सामग्री उपलब्ध रहेगी।

### एंटी माफिया आभियान के दौरान इंदौर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# पीथमपुर की फैक्टरी में बन रहा था नकली डीजल-पेट्रोल

## पांच टैंकर जब्त, फैक्टरी और पेट्रोल पंप मालिक को किया गया गिरफ्तार



**इंदौर।** एण्टी माफिया आभियान के दौरान इंदौर पुलिस ने नकली पेट्रोल व डीजल बेचकर आम जनता के साथ ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीथमपुर में तैयार हो रहे नकली पेट्रोल-डीजल की फेक्ट्री पर छापा मारकर वहां से नकली डीजल-पेट्रोल का जखीरा भी बरामद किया गया है। पेट्रोल डीजल में मिलावट हेतु हाईड्रो कार्बन का मिक्सचर बेचने वाली कम्पनी शिवम इण्डस्ट्रीज के मालिक पर भी कार्रवाई की गई है,इसके साथ ही पेट्रोल पंप मालिक भी मामले में आरोपी बनाया है। नकली पेट्रोल व डीजल का परिवहन करने वाले 5 टेंकरों को भी जब्त कर राजसात किया जा रहा है। पेट्रोल व डीजल में मिलावट करने वाले पेट्रोल पम्प और शिवम इण्डस्ट्रीज को सील कर दिया गया है।

किशनगंज पुलिस को खबर मिली कि एम पी बाम्बे आटो पेट्रोल डीजल पम्प महू -इन्दौर रोड ग्राम उमरिया पर मिलावट वाला डीजल और पेट्रोल बेचा जा रहा है। उस मिलावट वाला माल टैंकर भरकर आया है। पुलिस ने तत्काल पेट्रोल पंप पर छापा मारा। पेट्रोल पम्प के ग्राउण्ड टेंक में अनलोड हो रहे टेंकर से अनलोडिंग रूकवा कर टेंकर के चारों कम्पार्टमेन्ट चेक किये गये । मौके पर मिले संदेही ड्राईवर सुरेश कुशवाह से पूछताछ की तो उसने मिलावट की बात स्वीकार की । पुलिस ने चारों भरे हुए कम्पार्टमेंट जिनके इनलेट व आउटलेट अलग-अलग थे, में भरे कथित डीजल व पेट्रोल के सेम्पल लेकर जप्त किये गये । मौके पर फूड एवं सिविल सप्लाय विभाग से सेम्पल लेने हेतु सक्षम अधिकारियो को भी सूचना देकर बुलाया गया ।

ड्रायवर सुरेश कुशवाह से पूछताछ के उपरांत उसकी निशादेही से शिवम इण्डस्ट्रीज सेक्टर 3 पीथमपुर पंहुचकर आरोपी सुरेश पिता श्यामलाल कुशवाहा, छोटी खुडैल,चन्द्र प्रकाश पाण्डे पिता चिंतामन पाण्डे ,शिवम इण्डस्ट्रीज ,पीथमपुर, विजय कुमार मूंदड़ा ,पिपल्याराव ,राकेश अग्रवाल पिता ताराचन्द्र अग्रवाल ,वंदना नगर व अन्य के द्वारा किया गया यह कृत्य धारा 420 व 120 बी तथा धारा 3-7 आवश्यक वस्तु अधिनियम से दण्डनीय होने से आरोपियो के विरूद्ध केस दर्ज किया गया।

### कैसे बनता था मिलावटी पेट्रोल डीजल

शिवम इण्डस्ट्रीज में मुम्बई और हजीरा से फ्यूल आईल, मिक्सड हैक्जिन सी 09 , पेन्टेन और रबर प्रोसेस आईल खरीदकर मंगाए जाते हैं। इन सभी हाईड्रो कार्बन को अलग-अलग अनुपात में मिक्सिंग मशीन में मिक्स कर ऐसा मिक्सचर बनाते है जो बिल्कुल पेट्रोल और डीजल की तरह दिखता है और पेट्रोल और डीजल की तरह काम भी करता है । मिक्सिंग के बाद जो प्रोडक्ट बतौर पेट्रोल प्रयोग होता है उसको शिवम इण्डस्ट्रीज की तरफसे लो फ्लेस आईल कहकर बेचा जाता है और डीजल की जगह प्रयोग हो सकने वाला मिक्सचर रबर प्रोसेस आईल कहलाता है और इसके अलावा पेस्टिसाईड कम्पनियो को काम आने वाला एक मिक्सचर मिक्स सी 09 के नाम से भी बनता है।

# सेंधवा में दो पक्षों में विवाद, चार पुलिसकर्मियों समेत 16 घायल

## पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ने किया लाठीचार्ज



**बड़वानी, (एजेंसी)।** मप्र के बड़वानी जिले के सेंधवा कस्बे में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान शुरू हुए विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट के उपरांत धारा 144 लगाकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यहां कई घटनाओं में 4 पुलिसकर्मियों समेत 16 लोग घायल हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरडी प्रजापत ने गुरुवार को बताया कि सेंधवा के मोती बाग क्षेत्र में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान कुछ अन्य लोगों के आ जाने के चलते बुधवार रात्रि विवाद आरंभ हो गया। दोनों पक्षों के आमने-सामने होकर मारपीट तथा पथराव की घटना को पुलिस ने पहुंचकर नियंत्रित किया।

इस घटना में एक पक्ष की कुछ महिलाओं समेत नौ तथा दूसरे पक्ष के 3 लोग घायल हुए हैं। इसके बाद एक पक्ष की भीड़ द्वारा पुलिस थाने में आकर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस भीड़ के लोगों द्वारा पुलिस थाने से लौटने के दौरान एक धार्मिक स्थल पर हमले का प्रयास किया गया, जिसे तत्काल पुलिस ने पहुंचकर विफल कर दिया। पुलिस बल ने उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज भी किया। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों द्वारा पुलिस पर किए गए पथराव में सेंधवा शहर थाना पुलिस के नगर निरीक्षक बलदेव मुजाल्दा समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। रात को ही 20 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दोनों पक्षों के 60 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

एएसपी प्रजापत ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों से अतिरिक्त पुलिस बल एवं एसएएफ का बल सेंधवा में तैनात किया गया है। पुलिस पर पथराव मामले में 10 नामजद तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। एक पक्ष की शिकायत पर 26 नामजद तथा 25 अन्य लोगों के विरुद्ध जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर सात नामजद और 10 अन्य लोगों के खिलाफ बलवा समेत कई धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा तथा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने रात में सेंधवा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। रात में ही धारा 144 अध्यारोपित कर दी गई थी ।

# उज्जैन में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में गिरने दो मजदूरों की मौत

## देर रात तक नहीं निकाले जा सके शव

**उज्जैन।** आगर रोड स्थित घट्टिया इंडियन गैस बाटलिंग प्लांट में एक हादसा हो गया। दो श्रमिकों की काम करने के दौरान मौत हो गई। जानकारी लगते ही प्रशासनिक टीम एवं पुलिस मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी अनुसार घट्टिया स्थित इंडियन ऑइल कार्पोरेशन लिमिटेड एलपीजी बाटलिंग प्लांट में गुरुवार शाम 4 बजे दो श्रमिक बाटलिंग प्लांट में साफ सफाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान श्रमिक लाखन सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी लांबीखेड़ा तहसील महिदपुर वहीं दूसरे श्रमिक राजेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम जलवा तहसील घट्टिया केमिकल टेंक में सफाई करते वक्त दोनों मजदूरों की मौत हो गई। दोनों के शवों को देर रात तक नहीं निकाला जा सका है। रात 10 बजे के करीब नागदा से ग्रेसिम इंडस्ट्रीज से टीम पहुंची है। वहीं, प्रशासन एनडीआरएफ और इंडस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी ऑफिसर की टीम से भी लगातार संपर्क में हैं। एडीएम संतोष टैगोर और एसडीएम गोविंद दुबे ने प्लांट पर पहुंचकर गैल के अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। एडीएम टैगोर ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने शाम 5.30 बजे हादसे की जानकारी दी और रेस्क्यू के लिए मदद मांगी। चूंकि मामला काफी तकनीकी है, इसलिए एनडीआरएफऔर इंडस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट की मदद लेकर ही आगे बढ़ेंगे। मामले की पुलिस जांच की जाएगी।

# हादसे पर सीएम शिवराज ने किया दुख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन जिले की घट्टिया तहसील के औद्योगिक प्लांट परिसर में हुए हादसे में दो लोगों की मृत्यु की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि विशेष बचाव टीम घटनास्थल के लिए रवाना की गयी हैं। श्री चौहान ने देर रात इस संबंध में ट्वीट के जरिए कहा कि स्थानीय प्रशासन का अमला मौके पर मौजूद है। भोपाल से एनडीआरएफ और नागदा से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल के लिए भेजी गयी हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में दो लोगों के मारे जाने की दुखद खबर आ रही है। राहत और बचाव कार्य जारी है। गुना और दाहोद से भी विशेष टीम बुलायी गयी हैं। श्री चौहान ने घटनास्थल पर अन्य लोगों के सुरक्षित रहने के लिए प्रार्थना की है।

# अनूपपुर में पुलिस ने किया 50 लाख का गांजा जब्त




**अनूपपुर ।** पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल के नेतृत्व में रामनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 50 लाख का गांजा और पिकअप जब्त की है। जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को थाना रामनगर में नवरात्रि त्यौहार में शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सूचना प्राप्त होने पर की स्टेडियम तिराह रामनगर के पास एक पिकअप वाहन संदिग्ध हालत में रोड के किनारे खड़ा है। उक्त सूचना की पुष्टि हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना रामनगर पुलिस की टीम द्वारा मौके पर जा कर वाहन का निरीक्षण किया गया। तो पिकअप वाहन का चालक मौके से फरार था। वाहन की चेकिंग करने पर वाहन में 92 नग प्लास्टिक के पैकेट में अवैध गांजा लोड होना पाया गया। अवैध मादक पदार्थ गांजा की कुल मात्रा 460 किग्रा जिसकी कीमत लगभग 40.63 लाख रुपये है, जप्त किया गया एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपय को भी जप्त किया गया है।

# अनाथ बेटियों को भी मिलेगा लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरी अंतरात्मा बेटियों से जुड़ी हुई हैं, बेटियां लगातार आगे बढ़ती रहें, इसी में समाज का सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि बेटियों का भविष्य उज्ज्वल रहे, इसके लिए हमने लाडली लक्ष्मी कानून बना दिया है, जिसे कोई बदल नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि 18 वर्ष के ऊपर की प्रत्येक लाडली लक्ष्मी को ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस का समुचित प्रशिक्षण दिया जाएगा। हमने फैसला लिया कि ऐसी बेटियां जो अनाथ हैं उन्हें भी लाडली लक्ष्मी माना जाएगा और उन्हें लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों को बेटियों की जन्म की संख्या के आधार पर लाडली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायत घोषित करेंगे।

### लाड़ली लक्ष्मी योजना अद्भुत : गुरु मां

कार्यक्रम को आनंदमयी गुरु मां ने भी संबोधित किया। माँ आनंदमूर्ति गुरु माँ ने कहा कि स्कूल की शिक्षा नौकरी के लिए तैयार कर देती है, परंतु कई मौकों पर बच्चे अपनी पढ़ाई निरंतर नहीं रख पाते। ऐसे में अगर स्कूली पाठ्यक्रम में कौशल विकास और स्व-रोजगार से जुड़ने के विषय वस्तु को पाठ्यक्रम से जोड़ा जाए तो बहुत लाभ मिलेगा। गुरु माँ ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा कि लाड़ली लक्ष्मी अद्भुत योजना है। मुख्यमंत्री ने बेटियों का मामा बनकर इस योजना को सफल बनाया है। अन्य राज्यों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लाड़ली लक्ष्मियों से प्रण लेने का आग्रह किया कि जैसे अभी मुख्यमंत्री मामा बनकर लाखों लड़कियों का भविष्य संवार रहे हैं, आप भी जब अपने पैरों पर खड़ी हों तो ऐसी पाँच लड़कियों की मदद करें।

### सीएम ने यह भी कहा

-राज्य सरकार ने 47,200 करोड़ की राशि लाड़लियों के लिए रखी सुरक्षित।

-योजना लागू करने का उद्देश्य बेटी के जन्म लेते ही लखपति बन जाए।

-हर लाड़ली लक्ष्मी की ट्रेकिंग का सिस्टम बनाया।

-स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक का खर्च मामा उठाएगा

-प्रदेश में बनेंगी लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतें

- बेटियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बेटियों को उपलब्ध करवाएंगे बैंक ऋण।

-लाड़ली लक्ष्मी उत्सव से जुड़ी 40 लाख बेटियां।

# देश-विदेश के पर्यटक को आकर्षित करने वाला टूरिज्म प्लान हो

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के टूरिज्म प्लान पर की समीक्षा



**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर ग्वालियर के पर्यटन को उभारने के लिए टूरिज्म प्लान को इस प्रकार से अंतिम रूप दें, जिससे देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित हों।

श्री सिंधिया ने गुरुवार को यहां संबंधित अधिकारियों से यह बात कही। उन्होंने ग्वालियर के टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये तैयार किए गए टूरिज्म प्लान का गुरुवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रजेंटेशन देखा और समीक्षा की। श्री सिंधिया ने ग्वालियर के टूरिज्म प्लान को अंतिम रूप देने के लिये 8 बिंदु बताए। इसके आधार पर अगले एक महीने के भीतर टूरिज्म प्लान को अंतिम रूप देने के निर्देश उन्होंने कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त व स्मार्ट सिटी की सीईओ को दिए हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल और साडा के पूर्व अध्यक्ष राकेश जादौन सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों ने ग्वालियर टूरिज्म को लेकर उपयोगी सुझाव दिए। संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने लोकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। जिस पर श्री सिंधिया ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ग्वालियर क्षेत्र की समृद्ध पर्यटन विरासत के बारे में ग्वालियरवासियों को जागरूक करें, जिससे स्थानीय लोगों में पर्यटन के प्रति रूचि पैदा हो और वे जब बाहर जाएँ तब दूसरे क्षेत्र के लोगों को भी यहाँ के पर्यटन की खूबियाँ गिना सकें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि टूरिज्म को बढ़ावा देने लिये गए निर्णयों को समय-सीमा के भीतर धरातल पर लाएँ।

### पर्यटकों की रुचि को ध्यान में रखें

श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के टूरिज्म प्लान को पर्यटकों की रूचि को ध्यान में रखकर हैरीटेज, संस्कृति, संगीत इत्यादि के आधार पर पर्यटन सर्किट का निर्धारण किया जाए। उन्होंने विशेषज्ञ टूरिज्म एडवाइजर नियुक्त करने, पर्यटकों की सुरक्षा और पर्यटन के लिहाज से विशेष यातायात वाहन, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन वेबसाइट, स्थानीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट को बढ़ावा, एडवेंचर स्पोर्ट्स मसलन पैराग्लाइडिंग, चंबल राफ्टिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, स्थानीय खूबियों को बताते हुए टूरिज्म की ब्राण्डिंग, ग्वालियर के उत्तरी दिशा में मुरैना और आगरा की ओर के पर्यटन स्थल को जोड़ते हुए टूरिस्ट सर्किट एवं दक्षिण दिशा में झांसी व चंदेरी इत्यादि को जोड़ते हुए टूरिस्ट सर्किट शामिल हैं। टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मूर्तरूप दिए जाने वाले ऐसे कार्य जो बिना बड़े खर्च के तुरंत धरातल पर लाए जा सकते हैं और ऐसे कार्य जिनके लिये वित्त पोषण की जरूरत होगी, जिससे शासन स्तर और अन्य प्रयासों से धनराशि की व्यवस्था की जा सके। इसके अलावा विशेषज्ञ गाइड तैयार करने पर भी श्री सिंधिया ने विशेष जोर दिया।

# कार-ऑटो भिड़ंत में दो की मौत, चार घायल

**सिंगरौली।** जिले के माड़ा थाना क्षेत्र में कार एवं आटो की भिड़त में आटो सवार दो लोगों की मौत हो गयी और चार घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोयलखूथ मुख्य मार्ग में बुधवार देर रात एक कार और आटो में भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में आटो सवार रमेश कुमार (34) और शैलेश प्रसाद (36) निवासी रौंदी की घटना स्थल पर मौत हो गयी। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने चकाजाम कर दिया, जिसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत करवाने के बाद जाम खुलवाया गया।

## शपथ ग्रहण समारोह




गुरुवार को भोपाल में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधिपति रवि विजयकुमार मलिमथ को राजभवन के सांदीपनि सभागार में शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के गृह, और विधि एवं विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और सांसद विष्णुदत्त शर्मा समेत मप्र हाईकोर्ट के न्यायाधिपतिगण, विधि-विधायी कार्य एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



## मुख्यमंत्री ने नए मुख्य न्यायाधीश मलिमथ को दी बधाई

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश रवि विजयकुमार मलिमथ के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होकर उन्हें पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल को पुष्प-गुच्छ भेंट किया। उन्होंने नवपदस्थ मुख्य न्यायाधीश श्री मलिमथ के सम्मान में मुख्यमंत्री निवास में दोपहर भोज भी दिया। श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल के आगमन पर उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश श्री मलिमथ के अलावा अन्य न्यायाधीश, मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम ने ठेंगड़ी और लाला हरदयाल किया नमन

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास के सभाकक्ष में भारतीय मजदूर संघ के प्रमुख नेता, राष्ट्रवादी विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्य-तिथि पर नमन किया। इसके साथ ही श्री चौहान ने स्वतंत्रता सेनानी लाला हरदयाल की जयंती पर भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान का स्मरण किया।

### शिवराज सिंह ने दी विजयादशमी पर्व की बधाई

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई दी है। श्री चौहान ने कहा की असत्य पर सत्य की जीत के पर्व को इस वर्ष कोविड प्रोटोकॉल के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सादगी पूर्वक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से पर्व पर सभी कार्यक्रम सोशल डिस्टेंस रखते हुए सावधानियों के साथ संपन्न करवाने में सहयोग का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री आज से दो दिवसीय चुनावी दौरे पर रहेंगे

**भोपाल।** प्रदेश मे होने वाले उपुचनाव के लिए भाजपा के चुनावी अभियान में विजयादशमी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे एवं चुनावी सभाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इसी तारतम्य में 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री चौहान सतना जिले के रैगांव विधानसभा सीट के ग्राम सोहावल में पार्टी द्वारा आयोजित विजय संकल्प ध्वज फहराने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 16 अक्टूबर को खंडवा लोकसभा के अंतर्गत तीन सभाएं करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सुबह 11.55 बजे खकनार (नेपानगर), दोपहर 1. 55 बजे कालमुखी (खंडवा) और 3. 45 बजे कांटाफोड (देवास) में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### शर्मा ने दी विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं

**भोपाल ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद ने अधर्म पर धर्म की विजयोत्सव पर्व विजयादशमी पर प्रदेश के नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने कहा कि विजयादशमी पर्व भगवान श्री राम जी की रावण पर अभूतपूर्व विजय का उत्सव है, जो हमें हर तरह की बाधाओं के बावजूद कर्त्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। श्री शर्मा ने प्रदेश की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को विजयादशमी पर्व की बधाई देते हुए समाज सेवा में निरंतर तत्पर रहने का आह्वान किया है।

### महिला कांग्रेस का जूडो कराटे प्रशिक्षण आज से

**भोपाल।** मप्र महिला कांग्रेस दशहरा पर्व से कन्या पूजन के साथ बेटियों को आत्मरक्षार्थ जूडो कराटे का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ करने जा रही है। शिविर का शुभारंभ भोपाल में सुबह 11 बजे से सौम्या एवरग्रीन कालोनी, मानसरोवर डेंटल कालेज के सामने हिनोतिया आलम कोलार रोड भोपाल में होगा, जहां प्रशिक्षक जयांशी शर्मा और करन शर्मा द्वारा बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। वही इंदौर स्थित माता अष्टभुजा मंदिर परिसर एवं महेश नगर स्थित राजीव गांधी सार्वजनिक उद्यान प्रशिक्षित प्रशिक्षको द्वारा बेटियों को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे की तकनीक एवं बारिकियों को सिखाया जाएगा ताकि शक्ति स्वरुप बेटियां स्वयं अपनी रक्षा कर सके। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना जायसवाल कन्या पूजन कर, उन्हें अपने हाथों से भोजन प्रसादी करवाएगी। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलित कर जूडो कराटे के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगी।



गुरुवार को भोपाल स्थित राजभवन में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश रवि विजयकुमार मलिमथ को शपथ लेने के बाद विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी।

### मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# खाद वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

### सीएम ने कहा, प्रदेश में किसानों को खाद का वितरण व्यवस्थित तरीके से किया जाए

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि किसानों को खाद का वितरण व्यवस्थित तरीके से हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज निवास पर कृषि, सहकारिता, मार्कफेड और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ खाद की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद वितरण की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आए। लापरवाही और शिकायत सामने आने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्थिति में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। गड़बड़ी पाए जाने पर जेल की सजा भी हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद की ऑफलाइन बिक्री के दौरान खाद की ब्लैक मार्केटिंग हरगिज न होने पाए। किसानों को बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध हो। जिलों के कलेक्टर्स से समन्वय कर खाद का वितरण ठीक ढंग से कराना सुनिश्चित करें।




### कलेक्टर्स खाद की उपलब्धता का प्रचार-प्रसार कराएं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुरैना एवं भिंड जिले के कलेक्टर को खाद वितरण व्यवस्था को बनाए रखने और समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के लिए अक्टूबर माह में 2 लाख 12 हजार मीट्रिक टन खाद का आवंटन मंजूर हुआ है। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, जिसके वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें सामने नहीं आएं। उन्होंने कहा कि खाद की उपलब्धता का प्रचार-प्रसार अच्छे ढंग से कराएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एनपीके खाद भी डीएपी खाद की तरह ही प्रभावी है। किसानों को इसका वितरण भी ठीक ढंग से सुनिश्चित कराएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि एवं सहकारिता अजीत केसरी, कृषि उत्पादन आयुक्त शैलेंद्र सिंह, एमडी मार्कफेड पी. नरहरि, संचालक कृषि श्रीमती प्रीति मैथिल नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद की कालाबाजारी पर लगेगी रासुका : डॉ. मिश्रा

**भोपाल ।** प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने खाद की कालाबाजारी करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी ऐसा करता पाया जाएगा उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को ना तो चिंता करने की जरूरत है और ना ही खाद को संग्रहित करने की आवश्यकता है। सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। गृह मंत्री डॉ.मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में खाद का कोई संकट नहीं है। जिन क्षेत्रों में खाद की कमी दर्शा कर कालाबाजारी कर के प्रयास किए जाएंगे, वहां ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध रासुका के अंतर्गत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कुछ इलाकों में खाद की कमी दिखाई दे रही है, वहां पर शीघ्र ही खाद पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। रैक लेट पहुंच रहे हैं, इसलिए वहां खाद की कमी दिख रही है। इन इलाकों में भी जल्द ही खाद की कमी पूरी कर दी जाएगी। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने किसानों से भी आग्रह किया कि धैर्य रखें, खाद संबंधी में चिंता ना करें। किसानों को खाद संग्रहण करने की भी आवश्यकता नहीं है। शीघ्र ही खाद की रैक पहुंच रहे हैं। किसान किसी के बहकावे में नहीं आएं। प्रदेश में खाद पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए किसान सबसे पहले हैं। प्रदेश में किसान हितैषी शिवराज सरकार है। यहां किसानों को कोई तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। खाद संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा किए जा रहे हमलों पर पलटवार करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि शायद कमलनाथ अपने 15 महीने वाले कार्यकाल, खाद संकट को भूल गए। जब विधायक, सांसद लक्ष्मण सिंह खुद पर्ची काट रहे थे। आपके विधायक खाद संकट को लेकर धरने पर बैठे थे।



## राजनीति की पिच पर उतरने तैयार हो रहे महाआर्यमन

### पहली बार राजनीतिक कार्यक्रमों में पिता के साथ की भागीदारी

**भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन सिंधिया अब राजनीति की पिच पर उतरने के लिए अपने आपको तैयार करने में जुट गए हैं। यही कारण है कि पहली बार वह अपने पिता के साथ यहां ग्वालियर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में दिखाई दिए। इसके पहले विशेष कार्यक्रमों में उन्हें अकेले ही देखा गया है। पिता के साथ राजनीतिक कार्यक्रमों में दिखने पर यहां अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि अब वह राजनीतिक पिच को समझने का प्रयास कर रहे हैं।



स्व. विजयाराजे सिंधिया की जंयती पर आयोजित कार्यक्रमों में ज्योतिरादित्य सिंधिया सालों बाद पहली बार पहुंचे । इसमें उनका पूरा परिवार शामिल रहा। इस दौरान भी जो लोग विजयाराजे सिंधिया को पुष्पांजलि देने आ रहे थे उनसे श्री सिंधिया अपने पुत्र महाआर्यमन का परिचय कराते दिखाई दिए । गुरुवार को शहर में विकास कार्यों के भूमिपूजन का कार्यक्रम हो या फिर एमआईटीएस व चेंबर ऑफ कॉमर्स का कार्यक्रम , उसमें पिता के साथ महाआर्यमन मौजूद रहे। इसके बाद ग्वालियर के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा होने लगी कि अब श्री सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन सिंधिया भी राजनीति का मिजाज समझने और मैदान में आने के लिए तैयार हो रहे हैं । अब यह कितना सत्य है यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन जिस तरह से महाआर्यमन ने कार्यक्रमों में शिरकत की उससे यह जरूर लगने लगा है कि अब सिंधिया परिवार ने बेटे सामने लाने का मन बना लिया है।

## नि:शुल्क भूमि हस्तांतरण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला 21 से

### राजस्व, वन, लोक निर्माण और एनएचएआई के अधिकारी होंगे शामिल

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी अटल प्रगति पथ परियोजना को तेजी से मूर्तरूप प्रदान करने के प्रयास लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। परियोजना के निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा एनएचएआई को निःशुल्क भूमि दिसंबर 2021 तक उपलब्ध कराई जाना है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण कराने के लिए भिंड, मुरैना और श्योपुर जिले के राजस्व, वन, लोक निर्माण विभाग तथा एनएचएआई के अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला 21 और 22 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।



प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई ने बताया कि अटल प्रगति पथ का 313 किलोमीटर एरिया चंबल संभाग के श्योपुर, मुरैना तथा भिंड जिलों की सीमा से गुजरेगा। राज्य शासन की मंशानुसार यह कार्य निर्बाध रूप से समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा तीनों जिलों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी, वन मंडलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी वन तथा रेंजर, लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के मैदानी अमले के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख सचिव श्री मंडलोई ने बताया कि कार्यशाला जिला कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित की जाएगी। आगामी 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक बजे तक कलेक्टर सभागार भिंड तथा दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में कार्यशाला आयोजित होंगी। इसी प्रकार 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक कलेक्टर सभागार श्योपुर में आयोजित की जाएगी।

### शर्मा आज से चुनावी दौरे पर

**भोपाल ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा 15 अक्टूबर से चुनावी दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा 15 अक्टूबर को पृथ्वीपुर में विजय संकल्प ध्वज के रूप में पार्टी का ध्वज फहराएंगे। वे 16 एवं 17 अक्टूबर को बड़वाह तथा भिकनगांव के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष 15 अक्टूबर पृथ्वीपुर में आकाश मैरिज गार्डन से कार्यकर्ताओं के साथ एक रैली के रूप में रवाना होंगे। रैली बस स्टैंड, अंबेडकर तिराहा, पुजरयाना मोहल्ला, साहू समाज मंदिर, लुकमान चौराहा होते हुए दोपहर 2.00 बजे वापस बस स्टैंड पहुंचेगी जहां श्री शर्मा विजय संकल्प ध्वज फहराएंगे और सभा को संबोधित करेंगे।



## कांग्रेस ने की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

### चुनाव आयोग से की कार्रवाई की मांग

**भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं चुनाव कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने गुरुवार को चुनाव आयोग को तीन अलग-अलग शिकायतें सौंपते हुए आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

धनोपिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 40 लाख लाड़ली लक्ष्मियों को संबोधित कर उपचुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। धनोपिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाए। वहीं धनोपिया ने एक और शिकायत में है कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक सीमा उत्तरप्रदेश से लगी होने एवं भाजपा प्रत्याशी के उत्तर प्रदेश से संबंध होने से अवांछित तत्व की आवाजाही बढ़ने के कारण विशेष पुलिस बल परीक्षक नियुक्त करने की आयोग से मांग की है। धनोपिया ने कहा कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया का पालन कराने के लिए आवश्यक है कि प्रदेश से बाहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को विधानसभा क्षेत्र मैं विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाए जिनकी देखरेख में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण तरीके से कायम रखी जा सके।

एक अन्य शिकायत में धनोपिया ने जोबट विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जिला अलीराजपुर के एसपी मनोज कुमार सिंह द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने के कारण पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग आयोग से की है।

## मुख्यमंत्री रैगांव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पृथ्वीपुर में फहराएंगे विजय संकल्प ध्वज

### कार्यक्रम की प्रचार सामग्री और हैशटेग का हुआ अनावरण

**भोपाल (एजेंसी)।** भाजपा कार्यकर्ता 15 अक्टूबर विजयादशमी पर्व पर खंडवा लोकसभा, रैगांव, पृथ्वीपुर और जोबट विधानसभा के 3068 बूथों पर पार्टी का ध्वज लगाकर विजय का संकल्प लेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सेमरवारा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ में विजय संकल्प ध्वज फहराएंगे।

यह जानकारी चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक एवं नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने गुरुवार को विजय संकल्प ध्वज कार्यक्रम की प्रचार सामग्री और हैशटेग का अनावरण करते हुए दी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं चुनाव प्रबंध समिति के सदस्यगण मौजूद थे। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विजयादशमी पर उपचुनाव वाले क्षेत्रों के 3068 बूथ केंद्रों पर विजय संकल्प ध्वज का कार्यक्रम होगा। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर ध्वज फहराकर उपचुनाव में जीत का संकल्प लेंगे। 55 स्थानों पर पार्टी के वरिष्ठ नेतागण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री चौहान सतना जिले की रैगांव विधानसभा के सेमरवारा एवं प्रदेश अध्यक्ष शर्मा निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ स्थित बस स्टैंड क्षेत्र में ध्वज फहराएंगे। इसी प्रकार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय खंडवा लोकसभा के बड़वाह में, केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ आदिवासी बस्ती के कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल पृथ्वीपुर के जेरोन, वीरेंद्र कुमार खटीक दिगोड़ा में, विजय शाह मांधाता, हरदीप सिंह डंग खंडवा, मोहन यादव पंधाना, तुलसी सिलावट नेपानगर, इंदरसिंह परमार बुरहानपुर के कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री चौहान के साथ कार्यक्रम में मंत्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ मंत्री भूपेंद्र सिंह मौजूद रहेंगे।




प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक भूपेंद्र सिंह, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने विजय संकल्प ध्वज कार्यक्रम की प्रचार सामग्री एवं हैशटेग विजय संकल्प ध्वज का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र शिवाजी पटेल, शैलेंद्र शर्मा, प्रदीप त्रिपाठी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारौलिया, सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा, विकास विरानी, अनुराग पयासी, रविन्द्र यति सहित प्रबंध समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## प्रदेश में सभी जगह पर्याप्त मात्रा में हैं खाद उपलब्ध : भूपेंद्र सिंह

**भोपाल ।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं अवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में कहीं खाद ब्लैक नहीं हो रही है और सभी जगह पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां मीडिया से चर्चा में खाद के संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के ट्वीट को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद कहीं ब्लैक नहीं की जा रही है। किसानों को खाद मिले इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में थोड़ी परेशान आयी थी, लेकिन अब प्रदेश में सभी जगह पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के चुनावी दौरे को लेकर उनपर निशाना साधा और कहा कि सभी जानते हैं कि वे एक ही दिन जाते हैं, एक विधानसभा में चुनाव प्रचार कि लिए और वह उसी हिसाब से जाएंगे। कांग्रेस द्वारा जातिवाद के आधार पर चुनाव प्रचार करने को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास और क्या है वोट मांगने के लिए, वह तो जातियों के नाम पर ही वोट मांगती है, उसके पास और तो कोई मुद्दा है नहीं, उनका तो मुद्दा ही जातिवाद है, इसके अलावा कोई मुद्दा उनके पास नहीं है।

# ड्रेस: उर्वशी रौतेला

## की इस ड्रेस की कीमत में आप खरीद सकते हैं घर, जानिए हैरान करने वाली कीमत



बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला (Urvashi Rautela) का फैशन गेम हमेशा सुर्खियों में रहता है. उर्वशी हमेशा ही अपने फैशन स्टेटमेंट के कारण Talk Of The Town बनी रहती हैं. कैजुअल हो, डिज़ाइनर हो या एयरपोर्ट उर्वशी हर अंदाज में बेहद ग्रेसफुल दिखती है. असल मायनों में उर्वशी डीवा हैं. उर्वशी फिल्मों से ज्यादा फैशन शोज और रैम्प पर एक्टिव रहती हैं. हाल ही में एक बार फिर से उर्वशी ने शॉ स्टॉपर लुक के फैशन की दुनिया में तूफान खड़ा कर दिया है.

मशहूर डिजाइनर माइकल सिन्को के लिए रैंप वॉक करते हुए उर्वशी बेहद खूबसूरत लग रही थीं. वह सिंडरेल्ला से काम नहीं लग रही थी. अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया पर डिजाइनर के साथ रैंप वॉक की एक झलक साझा की. सामने आए इस लुक में उर्वशी किसी परी की तरह ही लग रही हैं.



उर्वशी ने इस दौरान हैवी बॉल गाउन ड्रेस पहनी थी. जैसे ही अभिनेत्री ने एक रैंप वॉक वीडियो अपलोड किया उनका ये अंदाज मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. उर्वशी की इस ड्रेस की कीमत भी आपको हैरान कर सकती है. उर्वशी के इस बॉल गाउन की कीमत 40 लाख रुपए बताई जा रही है.

आपको बता दें कि उर्वशी ने मशहूर डिजाइनर माइकल सिन्को के लिए पहली बार रैंप वॉक नहीं किया, उन्होंने अरब फैशन वीक में इजिप्ट की राजकुमारी क्लियोपैट्रा के ड्रेस में रैंप वाक किया था.

वर्कफ्रंट की बात करें तो, उर्वशी रौतेला एक बड़े बजट की सायंस-फिक्शन तमिल फिल्म के साथ अपना तमिल डेब्यू करेंगी, जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट और एक आईआईटीयन की भूमिका निभाएंगी, और बाद में वह एक ड्यूल लैंग्वेज थ्रिलर में दिखाई देने वाली हैं. उर्वशी रौतेला ब्लैक रोज़ के साथ-साथ थिरुतु पायले 2 के हिंदी रीमेक के साथ में दिखाई देंगी. अभिनेत्री को हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनके गीत डूब गएट और मोहम्मद रमजान के साथ वर्साचे बेबी के लिए एक ब्लॉकबस्टर रिस्पॉन्स मिला. उर्वशी रौतेला जियो स्टूडियो की वेब सिरिस इंस्पेक्टर अविनाश में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो सुपर कॉप अविनाश मिश्रा और पूनम मिश्रा की सच्ची कहानी पर आधारित एक बायोपिक है.

# प्रियंका चोपड़ा

## की कजन मीरा ने इंटीरियर डिजाइनर के खिलाफ की FIR, बोलीं- मुझे ही घर से निकाल दिया



प्रियंका चोपड़ा की बहन मीरा सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपने इंटीरियर डिजाइनर के खिलाफ 2 महीने पहले एफआईआर दर्ज करवाई थी। वह परेशान हैं कि अब तक ऐक्शन नहीं लिया गया। मीरा ने आरोप लगाया है कि उनके इंटीरियर डिजाइनर ने न सिर्फ उन पर अटैक किया बल्कि उनको उनके ही घर से बाहर कर दिया। साथ ही अडवांस दिए पैसे भी वापस नहीं किए।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, मीरा ने बताया कि उन्होंने अपने घर के इंटीरियर के लिए 17 लाख रुपये में एग्रीमेंट साइन किया था। उनसे आधे रुपये अडवांस मांगे गए थे। मीरा ने बताया कि वह पैसे देकर शूट के लिए बाहर चली गईं। जब वह लौटीं तो उन्हें लगा कि अच्छा मटीरियल नहीं यूज किया जा रहा है। उन्हें काम भी पसंद नहीं आया। मीरा ने खासतौर पर कहा था कि मटीरियल अच्छा यूज करें। मीरा ने जब प्लाई वगैरह चेंज करने को कहा तो धमकी दी गई कि वर्कर्स काम करना बंद कर देंगे।



मीरा ने बताया कि उनके गुस्सा करने पर इंटीरियर डिजाइनर राजिंदर दीवान गाली-गलौज पर उतर आए और उनको घर के बाहर धक्का दे दिया। मीरा बोलती हैं, सोचिए उन्होंने मेरे ही घर से मुझे ही बाहर निकाल दिया।

## शिल्पा शेट्टी ने बेटे के साथ की कर्पूर गौरम आरती, बताया बच्चों को क्यों दे रही हैं ये संस्कार




शिल्पा शेट्टी हर त्योहार को बड़े उत्साह के साथ मनाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर अक्सर उनके पूजाघर की तस्वीरें और वीडियोज दिखते हैं। उनके बेटे वियान अब तक इनमें हिस्सा लेते दिखते थे। अब बेटी समिषा भी दिखाई देने लगी हैं। रीसेंटली उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें वह बेटे के साथ आरती गा रही हैं। इस बीच उनकी बेटी भी पूजा की थाली पकड़कर भगवान की आरती उतारने आ जाती हैं। शिल्पा के फैंस इस वीडियो को पसंद कर रहे हैं और पोस्ट पर कई कॉमेंट्स दिखाई दे रहे हैं।

शिल्पा ने कैप्शन में लिखा है, मेरा मंडे मोटिवेशन... मेरे बच्चे और विश्वास। कुछ चीजें अगली पीढ़ी तक ऐसे ही नहीं पहुंच सकतीं जब तक उन्हें ये सब करके न दिखाया जाए। मेरे लिए ये जरूरी है कि मेरे बच्चे उन्हीं संस्कारों और परंपराओं के साथ बड़े हों जो हमारे पेरेंट्स ने हमें दिए हैं। बचपन से ही दोनों में विश्वास के बीच बोना मैं हमेशा से चाहती थी क्योंकि विश्वास मजबूत होता जाता है और हमारे बड़े होने के साथ और गहरा होता जाता है और हमारे जीवन को भगवान को समर्पित करके जीवन के यश को अनुभव करने में मदद करता है.

शिल्पा के इस पोस्ट को उनके फॉलोअर्स काफी पसंद कर रहे हैं। इसे अब तक 21 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। एक फॉलोअर ने लिखा है, शाबाश बेटा मम्मा जैसा अच्छा बने रहना ओके। वहीं कई फैंस ने जय माता दी लिखकर फ्लावर, हार्ट और लिट इमोजी बनाए हैं।

## जैस्मिन भसीन का ये अजीबोगरीब वीडियो देख शॉक्ड हुए बॉयफ्रेंड अली गोनी, बोले- ये क्या बकवास है



टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन (Jasmin Bhasin) के लाखों दीवाने हैं। हाल ही में जैस्मिन भसीन अपने इंस्टाग्राम पर अपना एक बेहद अजीबोगरीब वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में जैस्मिन का शरीर और पैर दोनों ही अलग-अलग दिख रहा है। यूं कहें कि उनका शरीर दो भाग में बंट गया है लेकिन वो फिर मस्ती और डांस करती दिख रही हैं। एक्ट्रेस के इस वीडियो को देखकर उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी (Aly Goni) भी उतने ही हैरान ही जितना कि सोशल मीडिया यूजर्स। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि जैस्मिन इस वीडियो के जरिए क्या कहना और दिखाना चाह रही हैं। हालांकि उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि जैस्मिन भसीन एक सोफे पर बैठी दिख रही हैं। हालांकि उनके पैर और शरीर के बीच में काफी गैप है। वीडियो में वह एक किताब पढ़ते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैक ग्राउंड में एक गाना बज रहा है जिस पर वह बैठे-बैठे डांस कर रही हैं। इसी बीच थोड़ी देर में वह सोफे से उठकर चली जाती हैं लेकिन उनका पैर वहीं का वहीं रह जाता है, जहां वह पहले था। जैस्मिन इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखती हैं- ऐसा भी होता है।

जैस्मिन भसीन के इस वीडियो को देखकर उनके लव बॉय अली गोनी कंफ्यूज्ड हैं। अली गोनी जैस्मिन के पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए लिखते हैं -तुम क्या बकवास कर रही हो? मुझे लगता है कि वापस आना पड़ेगा। अली गोनी के अवाला हिमांशी खुराना और मनु पंजाबी ने हंसते हुए रिएक्शन दिया है। वहीं यूजर्स भी कंफ्यूज होकर रिएक्शन देते हुए लिख रहे हैं-कैसे अलग हो गई हो, ये कैसे हुआ। एक यूजर ने लिखा है-अब तो अलग हो गई हो तो मैं आपके एक पार्ट को रख लूं। जैस्मिन के बारे में बात करें तो वे कई सुपरहिट शोज में काम कर चुकी हैं। जैस्मिन भसीन को आखिरी बार रियलिटी शो बिग बॉस 14 में देखा गया था। जैस्मिन भसीन शो की विनर नहीं बन पाई थीं। शो में अच्छा खेलने के बावजूद जैस्मिन एलीमिनेट हो गई थीं। इस शो में अली गोनी भी थे। हालांकि शो से बाहर होने के बाद जैस्मिन और अली के काफी समय से एक दूसरे को डेट करने की खबरें थीं। शो पर पहले तो वे दोस्त बने नजर आए लेकिन बाद में दोनों ने अपने रिश्ते पर मुहर लगाई।

# सोशल मीडिया ट्रोल पर भड़के मैक्सवेल, बोले- घटियापन बंद कर बनो बेहतर इंसान





एजेंसी, नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने ग्लेन मैक्सवेल को 14.25 करोड़ रुपये में जब खरीदा था, तब आरसीबी के इस फैसले को काफी ट्रोल किया गया था।

आरसीबी का मैक्सवेल को खरीदने का फैसला टीम के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। मैक्सवेल ने अपने प्रदर्शन से टीम को मजबूती दी। आईपीएल 2021 में आरसीबी का सफर चौथे नंबर पर रहते हुए खत्म हुआ। एलिमिनेटर मैच में आरसीबी को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। 2008 से लेकर 2021 तक आरसीबी अभी तक एक भी खिताब नहीं जीत सका है, मैक्सवेल ने आईपीएल 2021 में आरसीबी का सफर खत्म होने के बाद सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग को लेकर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट लिखी है। मैक्सवेल ने लिखा, आरसीबी के लिए यह अच्छा सीजन रहा। हम वहां तक नहीं पहुंच सके, जहां तक हमें पहुंचना था, लेकिन इससे यह बात झुठलाई नहीं जा सकती कि हमारे लिए यह सीजन अच्छा रहा। कुछ गंदगी जो सोशल मीडिया पर मची हुई है, यह देखना बहुत ही खराब है।

हम सभी इंसान हैं, जो हर दिन अपना बेस्ट देने की कोशिश करता है। गंदगी फैलाने से अच्छा एक बेहतर इंसान बनिए। सच्चे फैन्स को दिल से शुक्रिया। ऐसे कुछ घटिया लोग हैं, जो सोशल मीडिया को घटिया बनाते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है, उनके जैसा प्लीज मत बनिए। आरसीबी को एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मैक्सवेल के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 2021 आईपीएल में 15 मैचों में 42.75 की शानदार औसत और 144.10 के स्ट्राइक रेट से कुल 513 रन ठोके और तीन विकेट भी लिए। इसके अलावा मैक्सवेल ने पांच कैच भी लपके।

# एलिमिनेटर में मिली हार के बावजूद विराट कोहली को है अपनी टीम पर गर्व, इस अंदाज में फैन्स को कहा थैंक्स

## विराट कोहली को लेकर माइकल वॉन का बड़ा बयान, बोले- आईपीएल में कप्तानी को लेकर खुद को फेल मानेंगे





एजेंसी, नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में सोमवार को बतौर कप्तान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को पहला खिताब जिताने का विराट कोहली का सपना बस सपना बनकर ही रह गया। इस सीजन के एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आरसीबी को चार विकेट से हराकर उसे खिताब की रेस से बाहर कर दिया। आरसीबी बेशक एक और आईपीएल सीजन में खिताब के करीब पहुंचकर चूक गई हो, लेकिन इससे विराट बिल्कुल परेशान नहीं हैं। विराट ने आईपीएल 2021 का सफर खत्म होने के बाद अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सभी फैन्स, टीम मैनेजमेंट और सहयोगी स्टाफ का आभार जताया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, हम इस तरह का रिजल्ट बिल्कुल नहीं चाहते थे, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में लड़कों द्वारा दिखाए गए कैरेक्टर पर मुझे बहुत गर्व है। एक निराशाजनक अंत हुआ, लेकिन हम अपना सिर ऊंचा रख सकते हैं। आपके लगातार सपोर्ट के लिए सभी फैन्स, टीम मैनेजमेंट और सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद। बता दें कि विराट अब आरसीबी टीम की कप्तानी छोड़ देंगे और बतौर खिलाड़ी टीम से खेलते रहेंगे। इसके अलावा इस महीने से यूएई और ओमान में शुरू होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड के बाद वे भारत की टी-20 टीम की कप्तानी भी छोड़ देंगे। एलिमिनेटर मुकाबले में विराट ने 39 रनों की शानदार पारी खेली थी, लेकिन यह टीम को जिताने के लिए काफी साबित नहीं हुई। इस मैच में स्पिनर सुनील नरेन ने अपनी पुरानी रहस्यमयी गेंद की झलक दिखाई और इसके बाद बल्लेबाजी में लगातार तीन छक्के लगाकर कोलकाता की चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए आरसीबी के कप्तान के रूप में आईपीएल खिताब जीतने का कोहली का सपना तोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को लगता है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान के रूप में विराट कोहली की विरासत को एक ऐसे रूप में याद किया जाएगा, जहां वे फ्रेंचाइजी के साथ एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत सके। आरसीबी के कप्तान के रूप में कोहली का सफर सोमवार को खत्म हो गया, क्योंकि उनकी टीम एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स से चार विकेट से हार गई और आईपीएल 2021 से बाहर हो गई। वॉन ने स्वीकार किया कि कोहली ने एक टेस्ट कप्तान के रूप में बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन आईपीएल में कप्तानी को लेकर उलझन में ही रहे। क्रिकबज से बात करते हुए वॉन ने कहा, श्विराट भारतीय टेस्ट टीम और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहतरीन काम कर रहे हैं। इससे भारतीय क्रिकेट का खूब विकास हो रहा है। लेकिन आपको ईमानदारी से यह कहना होगा कि उनमें भारत की तरफ से टी-20 इंटरनेशनल और वनडे में कप्तानी करने और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ से कप्तानी करने में बहुत फर्क देखा गया है। वॉन ने कहा, उन्हें जिस टैलेंट और टीम के साथ काम करना है, वह अभी उनके साथ है। आरसीबी की टीम पिछले कुछ सालों में बल्लेबाजी के मामले में काफी आगे बढ़ गई है और इस साल ग्लेन मैक्सवेल, हर्षल पटेल और चुजवेंद्र चहल की मौजूदगी में उनकी गेंदबाजी भी अच्छी थी, लेकिन इसके बाद भी टीम खिताब और अपने लक्ष्य से दूर रह गई। बता दें कि विराट ने आरसीबी के लिए 140 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से टीम को 66 में जीत हासिल हुई, जबकि 70 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। विराट की कप्तानी में साल 2016 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया, लेकिन फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद कोहली और ट्रॉफी के आड़े आ गई। कोहली ने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए आईपीएल में 42 अर्धशतक जड़े तो 5 सेंचुरी भी ठोकी। सिर्फ यही नहीं एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी विराट के नाम ही है, जो आजतक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ सका है।

# भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता की चाहत

## रवि शास्त्री के बाद यह दिग्गज बने टीम इंडिया का हेड कोच






एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री टी20 वर्ल्ड कप के बाद कोच के पद से हट जाएंगे क्योंकि उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप के बाद सबकी निगाहें भारतीय टीम के अगले हेड कोच पर होंगी। इस रेस में अनिल कुंबले और वीवीएस लक्ष्मण सहित कई के नामों पर चर्चा हो रही है। लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बीच, भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने टीम इंडिया के अगले हेड कोच को लेकर अपनी पसंद को बयां किया है। प्रसाद ने बताया है कि वो टीम इंडिया के अगले मुख्य कोच के रूप में किसे देखना चाहेंगे। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज प्रसाद का मानना है कि राहुल द्रविड़ को शास्त्री की जगह लेनी चाहिए। द्रविड़ जुलाई में श्रीलंका दौरे पर भारत की सीमित ओवरों की टीम के कोच थे। वहीं, आगामी टी20 विश्व कप के लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भारतीय टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है। प्रसाद ने द टाइम्स ऑफइंडिया से कहा, मैं निश्चित रूप से महसूस करूंगा कि आगे चलकर राहुल द्रविड़ और एमएस धोनी को टीम से जुड़ना चाहिए। राहुल एक कोच के रूप में और धोनी एक मेंटोर के रूप में। भारतीय टीम में रवि शास्त्री के कार्यकाल के बाद धोनी और राहुल को देखना शानदार होगा। द्रविड़ भारत की अंडर-19 और ए टीमों के कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2018 में अंडर-19 टीम को विश्व कप जीत दिलाने के साथ ए टीम के साथ कई सफल दौरों में शामिल थे। इसलिए जब भारतीय टेस्ट टीम इंग्लैंड में थी और श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने के लिए सीमित ओवरों की टीम का चयन किया गया था, तो द्रविड़ को अपने कोच के रूप में नियुक्त करने का फैसला लिया गया। द्रविड़ को 2019 में बैंगलोर स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और उनके इस भूमिका में बने रहने की उम्मीद है।

# बेथ मूनी बनी नंबर-1, भारत की शेफाली वर्मा को हुआ नुकसान




एजेंसी, नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने आईसीसी की ओर से जारी महिलाओं की ताजा टी20 रैंकिंग में बैटर की लिस्ट में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। मूनी को भारत के खिलाफ खेले गए पहले दो टी20 मैचों में अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो मैचों में भारत को मात दी। उन्होंने पहले टी20 मैच में 34 और दूसरे मैच में 61 रनों की पारी खेली थी। मूनी शुरुआती टीम का हिस्सा नहीं थी और राकेल हेन्स के चोटिल होने के बाद वह टीम में शामिल हुई थी। मूनी के टॉप पर पहुंचने से भारत की शेफाली वर्मा को नुकसान हुआ है और अब वह नंबर दो स्थान पर खिसक गई है। मूनी की टीम साथी सोफी मोलिनेक्स ने भी ताजा टी20 रैंकिंग में बढ़त हासिल की है और वह गेंदबाजों की लिस्ट में टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रही है। मोलिनेक्स 12 पायदान उपर चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंच गई। मोलिनेक्स ने सीरीज में 5.60 की इकॉनोमी से तीन विकेट चटकाए, जिससे भारत को पिछले दो मैचों में कम स्कोर तक सीमित रखने में मदद मिली। सीरीज में पांच विकेट लेने वाली भारत की राजेश्वरी गायकवाड़ को 12 स्थानों का फायदा हुआ है। एशले गार्डनर ऑलराउंडरों की रैंकिंग में 10वें स्थान पर कब्जा करते हुए टॉप 10 में पहुंच गई है। वह गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख विकेट लेने वाली गेंदबाज थी। तीन मैचों में तीन विकेट और 23 रन बनाने वाली जॉर्जिया वेयरहैम 14 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वोच्च 48वें स्थान पर पहुंच गई है।

# विराट कोहली की कप्तानी को लेकर हर्षल पटेल बोले, उनके योगदान का आरसीबी जश्न मनाएगी



एजेंसी, शारजाह। तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान के रूप में भले ही विराट कोहली के सफर का अंत बिना किसी इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के हुआ हो, लेकिन फ्रेंचाइजी सालों से टीम के प्रति उनके योगदान का जश्न मनाएगी। हर्षल ने हालांकि स्पष्ट तौर पर नहीं बताया कि टीम ने कोहली के योगदान का कैसे जश्न मनाने की योजना बनाई है। इस तेज गेंदबाज ने जोर देते हुए कहा कि आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी और आईपीएल के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ने का फैसला करने वाले कोहली लीडर रहेंगे। हर्षल ने सोमवार को एलिमिनेटर में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की हार के बाद कहा, कप्तान के लिहाज से, कुछ लोग कप्तान होते हैं और कुछ लीडर होते हैं, वे निश्चित तौर पर एक लीडर हैं। उसके पास कप्तानी का तमगा नहीं है, इसका मतलब यह नहीं है कि वे लीडर से कम है। उन्होंने कहा, इसलिए उन्होंने टीम और मेरी प्रोग्रेस के लिए जो भी योगदान दिया, मैं उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। हर्षल ने कहा, हां, मुझे लगता है कि हम निश्चित तौर पर उनके योगदान का जश्न मनाएंगे और अगर हम ट्रॉफी हाथ में उठाकर जश्न मनाते तो अच्छा रहता लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, उनका योगदान बहुत बड़ा है और निश्चित तौर पर हम इसका जश्न मनाएंगे। हर्षल ने कहा कि आईपीएल सीजन जिस तरह खत्म हुआ उससे पूरी टीम निराश है। उन्होंने कहा, बेशक, जिस तरह टूर्नामेंट खत्म हुआ, उससे हम सभी निराश हैं। हम जिस तरह खेल रहे थे, मुझे लगता है कि हमें टॉप दो में होना चाहिए था। लेकिन जैसा कि हम सभी को पता है, यहां छोटा अंतर भी काफी मायने रखता है। सुनील नरेन ने अपनी पुरानी रहस्यमयी गेंद की झलक दिखाई और इसके बाद तीन छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स की चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए आरसीबी के कप्तान के रूप में आईपीएल खिताब जीतने का कोहली का सपना तोड़ दिया।

# राशिद खान ने चुने टॉप-5 ऐसे खिलाड़ी, जिन्हें देंगे वो वर्ल्ड टी20 इलेवन में जगह

## विराट कोहली शामिल, धोनी आउट




एजेंसी, नई दिल्ली। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 17 अक्टूबर से युनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) और ओमान में होना है। इससे पहले अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने दुनिया के उन टॉप-5 टी20 क्रिकेटरों का नाम चुना है। इस लिस्ट में राशिद ने दो भारतीय क्रिकेटरों को जगह दी है, लेकिन उसमें महेंद्र सिंह धोनी का नाम शामिल नहीं है। राशिद की लिस्ट में शामिल पांच में से दो खिलाड़ी भारत के, एक वेस्टइंडीज का, एक न्यूजीलैंड का और एक दक्षिण अफ्रीका का क्रिकेटर शामिल है। राशिद से जब पूछा गया कि वर्ल्ड टी20 इलेवन के लिए टॉप-5 पसंद क्या है उनकी, तो उन्होंने उन पांच खिलाड़ियों का नाम बताया और साथ ही उन्हें शामिल करने का कारण भी बताया।